Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 139 | गुरूवार, 22 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 23-24 मई के लिए बारिश की संभावना

# उत्तर भारत में आंधी-बारिश का कहर, दिल्ली में दो लोगों की मौत

नई दिल्ली।

मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम, उत्तर पूर्व, दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व जिला में रात 8 से लेकर 10 बजे तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ तूफान व बिजली कड़की और ओलावृष्टि हुई। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को दिन भर सूरज ने आसमान से आग बरसाई, लोग गर्मी से बेहाल रहे।

लेकिन, रात को अचानक से मौसम ने करवट बदली। तेज आंधी- बारिश के साथ ओले गिरने से लोगों को राहत मिली। ऐसे में लोगों ने जमकर बारिश का आनंद लिया। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 22 वर्षीय एक युवक और एक विकलांग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम, उत्तर पूर्व, दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व जिला में रात 8 से लेकर 10 बजे तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ तूफान व बिजली कड़की और ओलावृष्टि हुई। बारिश ने लोगों को सुकून तो दिया। लेकिन, कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 42 फीसदी रहा। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सफदरजंग पर 79 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। इसके अलावा, लोधी रोड में ओलावृष्टि हुई। पालम में 35 किमी प्रति घंटे से लेकर 72 किमी प्रति घंटे की हवा चली। इसके अलावा, पालम में 7:30 बजे 37 डिग्री सेल्सियस तापमान था, जो 14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 8:30 बजे 23 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



### आया नगर में सबसे अधिक तापमान रहा

आया नगर में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में 41.3, रिज में 40.8 और लोधी रोड में 39.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। रिज में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लोधी रोड में 29.0, पालम में 29.3 और आया नगर में 29.8 डिग्री दर्ज हुआ।

# चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 के मिशन पर काम कर रहा भारत

भुवनेश्वर।

इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने ओडिशा के सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) में चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 की घोषणा की। इसरो प्रमुख ने कहा है कि चंद्रयान-4 का उद्देश्य चंद्रमा के नमूने एकत्र करना और उसे पृथ्वी पर वापस लाना है, जबकि चंद्रयान-5 जापान के साथ एक सहयोगी मिशन है।

इसरो प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की महत्वाकांक्षी प्रगति जारी है, क्योंकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने अगले प्रमुख अंतरिक्ष अभियान, चंद्रयान-4 की तैयारी कर रहा है, जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह के नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना है। इस अभूतपूर्व प्रयास का उद्देश्य चंद्रमा से नमूनों को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है, जो भारत की अंतरिक्ष एजेंसी के लिए एक उल्लेखनीय पहला कदम है। इस महत्वाकांक्षी मिशन का खुलासा इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने भुवनेश्वर में सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) के दौरे के दौरान किया। चंद्रयान-4 में चंद्रमा पर उतरना, नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना शामिल होगा



### डॉ. सुनील षडंगी को दिया श्रेय

- डॉ. नारायणन ने ओडिशा में सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) में अपने भाषण के दौरान कहा कि प्रत्येक मिशन के साथ हम जो प्रगति कर रहे हैं, वह अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को उजागर करती है।
- इस अवसर पर इसरो प्रमुख ने अपनी सफलता के लिए ओडिशा के अपने वैज्ञानिक गुरु डॉ. सुनील षडंगी को सम्पूर्ण श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि आज राकेट में प्रयोग होने वाली क्रायोजेनिक तकनीक वह उन्हीं से सीखी थी।
- वी. नारायणन जो वर्तमान में इसरो अध्यक्ष हैं, वह आईआईटी खड़गपुर में प्रो. सुनील षडंगी के शिष्य थे। उन्होंने कहा कि अपने गुरू से यह तकनीकी सीखने के बाद हमने थेसिस तैयार किया था, जिसे वर्तमान में सभी रॉकेट में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने अपने गुरू के प्रति आभार जताया है।

# अमित मालवीय और अर्नब गोस्वामी के खिलाफ केस दर्ज



नई दिल्ली।

कांग्रेस ने राहुल गांधी के कथित अपमान के खिलाफ भाजपा नेता अमित मालवीय और वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मालवीय और गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली और कर्नाटक समेत विभिन्न स्थानों पर केस दर्ज किए गए हैं।

कर्नाटक की पुलिस ने भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के संपादक अर्नब गोस्वामी के खिलाफ इस्तांबुल में कांग्रेस कार्यालय होने की झूठी जानकारी प्रसारित करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट जारी करने के खिलाफ भाजपा नेता अमित मालवीय और पत्रकार अर्नब गोस्वामी के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बेंगलुरु में मंगलवार को हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में भारतीय युवा कांग्रेस के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रमुख श्रीकांत स्वरूप बीएन की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। उन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 (जानबूझकर दंगा भड़काने का इरादा) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत आरोप लगाए गए हैं। श्रीकांत स्वरूप ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने 'झूठे दावे को दुर्भावनापूर्ण तरीके से फैलाया' कि तुर्किये के इस्तांबुल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) का कार्यालय है।

# छत्तीसगढ़ में 27 खूंखार नक्सलियों के ढेर होने पर बोले पीएम मोदी, हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व

नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है और उन्होंने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव बसवराजू भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एक बड़े ऑपरेशन में शीर्ष सीपीआई-माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू सहित 27 माओवादियों के मारे जाने के बाद भारतीय सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और हमारे लोगों के लिए शांति और प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले दिन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है और उन्होंने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव बसवराजू भी शामिल हैं। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने महासचिव स्तर के किसी नेता को मार गिराया है। अमित शाह ने कहा कि बसवराजू नक्सली आंदोलन की रीढ़ थे।



### सांबा में 50 आतंकियों ने किया था घुसपैठ का प्रयास

जम्मू। सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी एसएस मंड ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से हताश होकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारी गोलाबारी करने वाले पाकिस्तान ने फिर कोई हिमाकत की तो सीमा सुरक्षा बल के जवान दस गुणा घातक प्रहार करेंगे। पाकिस्तान ने नौ मई को भारी गोलाबारी की आड़ में सांबा में 45 से 50 आतंकियों की घुसपैठ का प्रयास कराया था।

# रेल यात्रियों के लिए बड़ी सौगात, कल 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली।

महाराष्ट्र में उद्घाटन किए जा रहे अमृत स्टेशनों के नाम आमगांव, चांदा फोर्ट, चिंचपोकली, देवलाली, धुले, केडगांव, लासलगांव, लोनंद जंक्शन, माटुंगा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, परेल, सावदा, शहाड, वडाला रोड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जो भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। महाराष्ट्र में उद्घाटन किए जा रहे अमृत स्टेशनों के नाम आमगांव, चांदा फोर्ट, चिंचपोकली, देवलाली, धुले, केडगांव, लासलगांव, लोनंद जंक्शन, माटुंगा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, परेल, सावदा, शहाड, वडाला रोड है। तमिलनाडु में जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया जा रहा है वे हैं: चिदम्बरम, कुलितुरई, मन्नारगुडी, पोलूर, सामलपट्टी, श्रीरंगम, सेंट थॉमस माउंट, तिरुवन्नामलाई, वृद्धाचलम जंक्शन। उत्तर प्रदेश में जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया जा रहा उनमें बलरामपुर, बरेली शहर, बिजनोर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जं., इज्जतनगर, करछना, मैलानी जं., पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर जं., सिद्धार्थनगर आदि मौजूद रहे।





### फिर चिंता बढ़ाने लगा कोरोना

# महाराष्ट्र में 106 तो केरल में 182 मामले दर्ज, मुंबई में दो की मौत

मुंबई।

कोरोना वायरस फिर वापसी करता हुआ नजर आ रहा है। महाराष्ट्र में जनवरी से अब तक 2 मौतें हो चुकी हैं और केरल में मई में 182 नए मामले किए गए हैं। दोनो राज्यों में हल्के लक्षण वाले मरीजों का इलाज जारी है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। कोरोना वायरस अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में इस साल जनवरी से अब तक कोविड-19 से जुड़ी दो मौतें हुई हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग की एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों मौतें मुंबई से हुई हैं और दोनों मरीजों को पहले से ही अन्य बीमारियां थीं। जब किसी व्यक्ति को एक साथ दो या उससे ज्यादा बीमारियां होती हैं तो उसे सह-रुग्णता (कोमोरबिडिटीज) कहा जाता है। विज्ञप्ति के मुताबिक, एक मरीज को नेफ्रोटिक सिंड्रोम (किडनी से जुड़ी बीमारी) के साथ हाइपोकैल्सीमिया (शरीर में कैल्शियम की कमी से होने वाला दौरा) था, जबकि दूसरा मरीज कैंसर से पीड़ित था। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जनवरी से अब तक कुल 6,066 लोगों के 'स्वैब सैंपल' की जांच की गई, जिनमें से 106 लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई। इनमें से 101 मामले मुंबई से हैं, बाकी पुणे, ठाणे और कोल्हापुर से हैं। जब डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी आपकी नाक या गले के अंदर से रुई की एक स्टिक (जिसे स्वैब कहते हैं) मदद से थोड़ा सा स्राव (लार) लेते हैं, तो उसे स्वैब सैंपल कहते हैं। इस समय 52 मरीजों का उपचार हल्के लक्षणों के साथ चल रहा है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।


विज्ञप्ति में कहा गया कि महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों और कई देशों में भी कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

केरल में इस मई महीने में अब तक कुल 182 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बुधवार को बताया कि सबसे ज्यादा मामले कोट्टायम जिले (57 मामले) से मिले हैं, जबकि एनार्कुलम में 34 और तिरुवनंतपुरम में 30 मामले दर्ज किए गए हैं। जॉर्ज ने कहा कि दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों में कोरोना के मामलों में तेजी देखी जा रही है, इसलिए केरल में भी मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसलिए लोगों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन देशों में ओमिक्रॉन खठ.1, छत्रृ.7 और ठइ 1.8 वैरिएंट फैल रहे हैं। वे जल्दी फैल सकते हैं, लेकिन बीमारी उतनी गंभीर नहीं है।

# भारत ने 2024 में गंवा दिए 18200 हेक्टेयर प्राथमिक वन

नई दिल्ली।

भारत में वनों की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच (जीएएफडब्ल्यू) की नई रिपोर्ट के अनुसार, देश ने वर्ष 2024 में 18,200 हेक्टेयर प्राथमिक वन खो दिए, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 17,700 हेक्टेयर था। यह वृद्धि वन कटाई की गंभीर समस्या की ओर इशारा करती है। रिपोर्ट बताती है कि 2002 से 2024 के बीच भारत ने कुल 3,48,000 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन खोए हैं, जो देश के कुल ऐसे वनों का 5.4 प्रतिशत है। यह देश के कुल वृक्ष आच्छादन की कमी का 15 प्रतिशत हिस्सा है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच 1.03 लाख हेक्टेयर प्राथमिक वन नष्ट हुए हैं, जो इन वर्षों में कुल वृक्ष आच्छादन की कमी का 14 प्रतिशत है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, प्राथमिक वन वे प्राकृतिक, घने और आ?र्द्र वन होते हैं जो हाल के वर्षों में पूरी तरह से साफ नहीं किए गए हैं। इन वनों की पहचान उपग्रह इमेज और एल्गोरिदम से की जाती है। 2001 से 2024 के बीच असम में सर्वाधिक 3.4 लाख हेक्टेयर वृक्ष आच्छादन का नुकसान दर्ज किया गया। उसके बाद मिजोरम 3.34 लाख हेक्टेयर, नगालैंड 2.69 लाख हेक्टेयर, मणिपुर 2.55 लाख हेक्टेयर और मेघालय 2.43 लाख हेक्टेयर का स्थान रहा। वन हानि और कार्बन उत्सर्जन 2001 से 2024 के बीच भारत ने कुल 2.31 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आच्छादन खोया, जो 7.1 प्रतिशत की गिरावट है। इससे अनुमानित 1.29 गीगाटन कार्बन मोनोऑक्साइड2 उत्सर्जन हुआ है।



## संपादक की कलम से

# आतंक के खिलाफ कैसी लड़ाई

इजरायल ने गाजा पट्टी में नरक से बदतर हालात बना रखे हैं। वह गाजा में हमास के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड ? का दावा करता रहा है। गाजा के लोग घुन की तरह पिस रहे हैं। इजरायल के हवाई हमलों में 54,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, गाजा के 9.3 लाख बच्चे (करीब 93 फीसदी) भुखमरी की गिरफ्त में हैं। अब तक 57 बच्चे कुपोषण के कारण जिंदगी गंवा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक उच्च अधिकारी का आकलन है कि यदि मानवीय सहायता यथाशीघ्र नहीं पहुंची, तो करीब 14000 नवजात शिशु कभी भी दम तोड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि उसके पास करीब 500 बच्चों के इलाज के लायक ही सामग्री बची है। गाजा में खाद्य पदार्थों और ईंधन आदि रसद पर भी इजरायल की नाकेबंदी है। इजरायल गाजा पर कब्जा करना चाहता है, लेकिन आवरण आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का है। अब अमरीका ने भी इजरायल को धमकी देना शुरू कर दिया है और ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, कुछ यूरोपीय देशों ने बयान जारी कर इजरायल की आतंकी लड़ाई को खारिज किया है और चेतावनी दी है कि यदि गाजा की 21 लाख आबादी के लिए पर्याप्त खाद्य और ईंधन की आपूर्ति तय नहीं की गई, तो उसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन माना जाएगा। इजरायल के पूर्व जनरल एवं विपक्षी नेता यायर गोलान प्रधानमंत्री नेतन्याहू की ऐसी युद्ध-नीति के घोर आलोचक हैं। उनका मानना है कि कोई भी सभ्य देश बच्चों की हत्या का शौक नहीं पालता। लोगों को विस्थापित करने के लक्ष्य नहीं बनाता। यह आतंकवाद के नहीं, मानवता के खिलाफ युद्ध है। बहरहाल गाजा पट्टी में इजरायल की नाकेबंदी के कारण आटा 5000 फीसदी और तेल 1200 फीसदी तक महंगे बिक रहे हैं। खीरे की कीमत 7 गुना बढ़ गई है। बेबी फूड 4 गुना से अधिक महंगा हो चुका है और मटर अब करीब 1000 फीसदी महंगा हो गया है। रसोई गैस के दाम 2400 फीसदी बढ़ जाने से खाना बनाना असंभव-सा हो गया है। अब भूख हर गली में लूट को जन्म दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के सहायता-समूह का मुख्यालय और गोदाम भी लूट की चपेट में आ गए हैं। ये उन बाजारों और इलाकों के आंकड़े हैं, जो इजरायल के हमलों से बचे हैं, लेकिन वे भी खाली हो रहे हैं। वहां एक लीटर पानी 2000 रुपए में बेचा जा रहा है और एक अंडे की कीमत औसतन 300 रुपए है। यह विश्व का कौनसा भूखंड है, जहां कोई कायदा-कानून नहीं है। कोई वैश्विक नियंत्रण नहीं है। इन हालात के बावजूद गाजा में अमरीका भी विकास-योजना के बयान देता रहा है। वह गाजा का पुनर्निर्माण करवाना चाहता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न तो गाजा में, अपने मित्र, इजरायल को महाविनाश से रोक पाए हैं और न ही रूस-यूक्रेन के बीच शांति-समझौता कराने में सफल रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच, फोन पर, दो घंटे से ज्यादा की बातचीत हुई है, लेकिन पुतिन 30 दिन के प्रस्तावित युद्धविराम के बजाय स्थायी शांति-समझौते के पक्षधर हैं। हालांकि रूस-यूक्रेन का युद्ध क्षेत्रीय वर्चस्व और कब्जे का युद्ध है। गाजा में इजरायल हमास का आतंकवाद मिट्टी में मिला देना चाहता है, लेकिन हमास आज भी जिंदा है। हालांकि 7 अक्तूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के आतंकी हमले के बाद से अघोषित युद्ध जारी है, लेकिन गाजा पट्टी अब लगभग खंडहर हो चुका है। हमास का अस्तित्व अब भी है, क्योंकि कुछ हमले उसकी ओर से भी किए जाते रहे हैं। अल्प युद्धविराम के बाद इजरायल ताबड़तोड़ हवाई हमले कर रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

# क्या अब्राहमिक भाईचारे के मुकाबले हान-हिंदू-स्लाविक भाईचारे को मजबूत कर पाएंगे जिनपिंग-मोदी-पुतिन?

यही वजह है कि हथियार लॉबी के इशारों पर थिरकने वाला अमेरिका और उसका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ अब अबू धाबी में शेख के साथ ह्यअब्राहमिक फैमिली हाउसह्ल घूमने पहुंचा है, जो कि काफी बड़ी बात है। इसलिए इसके इशारों को समझदारी पूर्वक लोगों को समझाना चाहिए। भले ही विभिन्न सभ्यता-संस्कृति का सम्मिलन-संघर्ष और उनका राजनीतिक उपयोग-दुरुपयोग देश-दुनिया के लिए कोई नई बात नहीं है, लेकिन रूस-चीन के चक्रब्यूह में फंसा अमेरिका अब जो भू-राजनीतिक खेल अब्राहमिक ब्रदरहुड की आड़ में खेलने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है, वह यदि सफल होता है तो प्राचीनकाल लीन महाभारत, मध्ययुगीन धर्मयुद्ध, आधुनिक युगीन प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक और बड़ा युद्ध दरवाजे पर दस्तक देने वाला है। संभव है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को ही निकट भविष्य में एक और बड़ा विस्तार मिल जाए। हाल ही में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को उकसाने की जो उसकी पुरानी रणनीति पुनः प्रकाश में आई है, उसमें चीन-भारत ने यदि रूसी प्रभाववश आपसी समझदारी न दिखाई होती, तो अमेरिका अपने क्षुद्र चाल सफल हो जाता! इसलिए सवाल उठता है कि ₹अब्राहमिक भाईचारे₹ के मुकाबले ₹हान-हिंदू भाईचारे₹ को मजबूत करने में जिनफिंग-मोदी अपनी भावी भूमिका निभाएंगे, या फिर अपनी भू-राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिचय देते हुए भावी परोक्ष अमेरिकी रणनीति के समक्ष घुटने टेक देंगे, यक्ष प्रश्न है! कहना न होगा कि किसी भी देश या उसके मित्र राष्ट्र में सभ्यता-संस्कृति की चिंता और उन्हें पुनर्विकसित करने-करवाने वाली भविष्य की योजना, उसपर आधारित अद्यतन सोच-समझ स्पष्ट होनी चाहिए। कहने का तातपर्य यह कि ऐसे महत्वपूर्ण देशों को दूर की सोच रखनी चाहिए। इसलिए तो एक तरफ जहां अमेरिका जैसा मजबूत राष्ट्र भी भावी रूसी-चीनी-भारतीय महात्रिकोण (ब्रिक्स संगठन के रणनीतिकार पार्टनर देश) का मुकाबला करने के लिए नाटो के अलावा पाकिस्तान-सऊदी अरब-कतर तथा ईरान के साथ अपने याराना को मजबूत कर रहा है। खास बात यह है कि अमेरिका यह सबकुछ तब कर रहा है जबकि इनमें से कुछ देशों से वह खार खाए रहता है। जैसे अमेरिका-ईरान यदि एक दूसरे के करीबी बनते हैं तो यह कितने आश्चर्य की बात होगी। अमेरिका-इजरायल यदि अब्राहमिक ब्रदरहुड के नाम पर अपने मतभेद भुला देते हैं तो यह कितने आश्चर्य की बात होगी। हालांकि, इसी प्रकार की समझदारी यदि भारत-चीन भी दिखा दें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में भी ऐसी रणनीतिक समझदारी विकसित करवाई जा सकती है, क्योंकि सवाल सभ्यता-संस्कृति की पुनररक्षा से जुड़ा हुआ है।

देखा जाए तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो हर ब्रेक के बाद बदलती कूटनीति है, वह यह स्पष्ट रूप से बतलाती है कि निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए मौकापरस्त अमेरिका निकट भविष्य में बहुत कुछ रणनीतिक फेरबदल इसलिए करने वाला है, क्योंकि रूस से भारत को तोड़ने और चीन से भारत को भिड़ाने की जो उसकी सोची समझी चाल थी, मोदी प्रशासन ने उसकी हवा निकाल दी है। दक्षिण चीन सागर से लेकर तिब्बत, कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश के अलावा पाकिस्तान-बांग्लादेश-म्यांमार जैसी थोपी हुई कूटनीतिक मुसीबतों से पार पाने की कला अब भारत सीख चुका है, वो भी बिल्कुल अपने दम पर। यही वजह है कि हथियार लॉबी के इशारों पर थिरकने वाला अमेरिका और उसका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अबू धाबी में शेख के साथ ह्यअब्राहमिक फैमिली हाउस घूमने पहुंचा है, जो कि काफी बड़ी बात है।

इसलिए इसके इशारों को समझदारी पूर्वक लोगों को समझाना चाहिए। बताते चलें कि भले ही अपने पहले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने मुसलमानों के खिलाफ तेवर दिखा कर काफी लोकप्रियता पाई थी। लेकिन 2016 में राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने जिस प्रकार से कुछ इस्लामी देशों के लोगों की आवाजाही रोकी और आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिकी सेना को झोंका, उसे नेस्तनाबूद किया।



यही वजह है कि भारत सरकार के मातहत यह अध्ययन होना चाहिए कि भारत के शेयर बाजार से लेकर अंबानी, अडानी जैसे कथित देशी जगत सेठों ने अरब–खाड़ी देशों से कितनी पूंजी लेकर उन्हें कितना मुनाफा कमा कर दे रहे हैं या फिर ऐसा करने का वादा किया हुआ है? क्योंकि मुझे मिली यह जानकारी हैरान कर गई कि मुकेश अंबानी के रिलायंस ने रिटेल दुकानदारी के धंधे में भी कतर के सार्वभौम फंड का पैसा निवेश किया हुआ है। कहने का तातपर्य यह कि जैसे चीन ने किया है, ठीक वैसे ही अ ?ब–खाड़ी देशों ने भारत में अपना तंत्र बना लिया है। दो टूक शब्दों में कहें तो ये भारत के अडानी–अंबानी आदि एकाधिकारी सेठों को एजेंट बना कर उनके जरिए भारत के बाजार पर कब्जा रखने–बनाने की रणनीति में मशगूल हैं। वहीं मेरा विश्वास है कि निश्चित रूप से ये ऐसा पाकिस्तान, बांग्लादेश में भी कर रहे होंगे। क्योंकि पाकिस्तान का शरीफ घराना तो वैसे ही पूरी तरह बिकाऊ है, जैसे हमारे धंधेबाज बनिया (जाति नहीं प्रवृति) हैं। अब पुनः मुद्दे की बात पर लौटते हैं, क्योंकि जो विषयांतर हो गया, वह आपको समझाने के लिए करना जरूरी लगा। इसलिए अब बात पते की करते हैं। वह यह कि डोनाल्ड ट्रंप, नेतन्याहू और सऊदी अरब, कतर, अबू धाबी के शेख वह कुछ भून–पका रहे हैं, जिससे यहूदी, ईसाई और इस्लाम का आपसी भाईचारा बने। यदि आबादी पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि दुनिया की कोई 8.1 अरब लोगों की आबादी में से इन तीन धर्मों की 56 प्रतिशत आबादी में आपसी भाईचारा बन जाए तो ये वैश्विक बहुमत में होंगे। क्योंकि दुनिया में अब्राहमिक परंपराओं के आस्थावान (ईसाई 31 प्रतिशत, मुसलमान 25 प्रतिशत और यहूदी 0.2 प्रतिशत) 56 प्रतिशत से अधिक है। देखा जाए तो इन तीन धर्मों का कोई सौ से अधिक देशों में बोलबाला है। ये हथियार, तकनीक, ईंधन और वित्त के मामलों में निर्णायक स्थिति हैं, इसलिए दुनिया का रुख अपनी ओर मोड़ सकते हैं।

## संजीव ठाकुर



### जादुई हाथों का हुनर

कविता

दिल का दरिया मिले समंदर करना
दुआओं से मुझको सिकंदर करना।

तुम्हारे जादू हाथों का हुनर है मालूम
दिल की मीनार को ना खंडहर करना।

खताओं को मेरी जरूर माफ करना
दुआओं से अपनी मुझे तरबतर करना।

कितना है तड़पा मेरा दिल तेरे लिए
हर एहसास को दिल के अंदर रखना।

सिर्फ तुम हो दिल में चाक कर देख लो
बेरुखी मिले सिर मेरा अपनी नजर करना।

हसीन रूहानी एहसास हुजूर आपका
इश्क ने शुरू किया अब असर करना।

दूर अजनबियों,परायों से क्यों रहते हो
जिस्म नहीं रूह को मेरी नजर करना।

गुलाब दे आया था जिन हाथों में मैं
खून से मेरा सर शुरू किया तर–बतर करना।

# इन्फ्लुएंसर, जागो! जिम्मेदारी भी वायरल हो



डॉ सत्यवान सौरभ

आज सोशल मीडिया पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव समाज और राजनीति पर तेजी से बढ़ रहा है। वे बिना किसी जवाबदेही के जनमत को प्रभावित करते हैं, विशेष रूप से चुनावों में। पारंपरिक मीडिया के विपरीत, इनके लिए कोई स्पष्ट आचार संहिता नहीं है। ऐसे में लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इन पर भी निगरानी और जवाबदेही तय हो। चुनाव आयोग और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि जनमत निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राजनैतिक विमर्श का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे सामाजिक और राजनैतिक मामलों पर भी जनता की सोच को दिशा देने लगे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या इन इन्फ्लुएंसर्स की कोई नैतिक या कानूनी जवाबदेही होनी चाहिए? क्या उन्हें भी निष्पक्षता का पालन करना चाहिए जैसे पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है? सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वे लोग हैं जिनके पास हजारों या लाखों की संख्या में अनुयायी होते हैं। उनके विचार, प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं और टिप्पणियां लोगों को प्रभावित करती हैं। कई ब्रांड्स और कंपनियां इन्हीं इन्फ्लुएंसर्स की सहायता से अपने उत्पादों का प्रचार करती हैं। अब यह प्रभाव केवल आर्थिक नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी गहराई से प्रवेश कर चुका है। 2024 के लोकसभा चुनावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में यह स्पष्ट देखने को मिला कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स किस प्रकार राजनैतिक दलों के लिए प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। वे सीधे तौर पर किसी पार्टी विशेष के समर्थन या विरोध में पोस्ट साझा करते हैं, वीडियो बनाते हैं या लाइव डिबेट करते हैं। इनमें से अधिकतर पोस्ट्स में प्रचार सामग्री होती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं होता कि वह 'पेड' है या नहीं। पारंपरिक मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी के लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन है, लेकिन सोशल मीडिया की इस नई दुनिया पर यह नियंत्रण नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट्स ने भी समय-समय पर सोशल मीडिया पर गलत सूचना, नफरत फैलाने वाले भाषण और चुनावी प्रचार की निगरानी को लेकर चिंता व्यक्त की है। तकनीक ने भले ही लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी हो, लेकिन जब यह स्वतंत्रता बिना किसी जिम्मेदारी के प्रयोग की जाती है, तो वह लोकतंत्र को कमजोर करने लगती है। आज हर कोई पत्रकार बन सकता है झ एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के जरिए। ऐसे में पत्रकारिता और इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका में एक महीन सी रेखा रह गई है, जिसे स्पष्ट रूप से चिन्हित करना आवश्यक है। पत्रकारों के लिए आचार संहिता है, प्रेस काउंसिल है, समाचार संगठनों की जवाबदेही है। लेकिन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐसा कोई तंत्र मौजूद नहीं है। यहां पर दो बातें अहम हैं झ एक, इन्फ्लुएंसर्स की स्वतंत्रता और दूसरा, उनकी जिम्मेदारी। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि वे किसी भी तरह की जानकारी या विचार को बिना तथ्यों की जांच के फैलाएं। यदि वे किसी राजनैतिक विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं या किसी विशेष पार्टी के पक्ष में जनमत को प्रभावित कर रहे हैं, तो यह जरूरी है कि वे इसे पारदर्शी ढंग से करें और यह स्पष्ट हो कि वे किसी एजेंडे के तहत कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इन्फ्लुएंसर्स की पोस्ट या वीडियो को पेड प्रमोशन मानते हुए चुनाव आयोग को भी इसके लिए स्पष्ट नियम बनाने चाहिए। जिस तरह टीवी और अखबार में विज्ञापन के लिए शुल्क का निर्धारण होता है और उसकी घोषणा अनिवार्य होती है, उसी प्रकार सोशल मीडिया पर भी प्रचार पोस्ट्स की निगरानी होनी चाहिए। आखिरकार, लोकतंत्र की ताकत उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता में निहित होती है।

अगर कोई भी माध्यम झ चाहे वह पारंपरिक मीडिया हो या सोशल मीडिया झ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करता है, तो इससे जनमत प्रभावित होता है और लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होती हैं। दूसरी ओर, बहुत से इन्फ्लुएंसर्स यह तर्क दे सकते हैं कि वे स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें किसी भी विचार को समर्थन देने का अधिकार है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है, लेकिन जब कोई व्यक्ति या समूह अपने विचारों के जरिए लाखों लोगों की राय को प्रभावित कर रहा हो, तब उसकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। इन्फ्लुएंसर्स को यह समझना चाहिए कि उनकी बातों का असर केवल मनोरंजन या सौंदर्य उत्पादों के प्रचार तक नहीं है, बल्कि वे सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस प्रभाव के साथ उन्हें जवाबदेही भी स्वीकार करनी चाहिए। यह समय है जब सरकार, चुनाव आयोग, और समाज इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी अपने यूजर्स की गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए और पेड प्रचार को चिन्हित करने के लिए तकनीकी व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही, एक ऐसी रूपरेखा बनाई जाए जो इन्फ्लुएंसर्स को आचार संहिता के दायरे में लाए और उन्हें भी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता के लिए बाध्य करे।

# गद्दारी का साया: जब अपनों ने ही बेचा देश

मुट्ठी भर मुगल और अंग्रेज देश पर सदियों राज नहीं करते यदि भारत में गद्दार प्रजाति न होती। यह बात आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी कुछ गद्दारों ने दुश्मन को भारतीय सेना की संवेदनशील जानकारी बेची, जिससे हमारे सैनिकों की जान खतरे में पड़ी। आज भी, जब लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करते हैं, तब इतिहास खुद को दोहराता है। यह हमें सिखाता है कि आंतरिक विश्वासघात राष्ट्रीय एकता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। मुट्ठी भर मुगल और अंग्रेज देश पर सदियों राज नहीं करते यदि भारत में गद्दार प्रजाति न होती। यह वाक्य भारतीय इतिहास की एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जो बताता है कि बाहरी आक्रमणकारी सिर्फ अपनी ताकत के बल पर ही नहीं, बल्कि अंदरूनी विश्वासघात और स्वार्थ के चलते भी सफल हो पाए। यह कहानी केवल तलवार और तोप की नहीं है, बल्कि मानसिक गुलामी और आत्मसमर्पण की भी है। भारत के इतिहास में कई ऐसे अवसर आए जब कुछ लोगों ने स्वार्थ, व्यक्तिगत लाभ या सत्ता की भूख के कारण देश के सामूहिक हितों को दरकिनार कर विदेशी ताकतों का साथ दिया। यह गद्दारी केवल सत्ता परिवर्तन का कारण नहीं बनी, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई। चाहे वह जयचंद का पृथ्वीराज चौहान के खिलाफ मोहम्मद गौरी का साथ देना हो, या मीर जाफर का प्लासी की लड़ाई में अंग्रेजों के पक्ष में खड़ा होना - इन सभी घटनाओं ने इतिहास की दिशा ही बदल दी। गुलामी की जड़ें: सत्ता की लालसा और निजी स्वार्थ इतिहास गवाह है कि जब भी बाहरी आक्रमणकारियों ने भारत पर नजर डाली, उन्हें यहां सत्ता के भूखे सहयोगी मिल गए। ये सहयोगी केवल सत्ता की चाहत में नहीं, बल्कि व्यक्तिगत दुश्मनियों, जातिगत भेदभाव और आपसी ईर्ष्या के कारण भी गद्दारी की राह पर चल पड़े। यह स्वार्थ और निजी महत्वाकांक्षाएं ही थीं जिन्होंने साम्राज्यों को मजबूत होने से रोका और भारतीय एकता को खंडित कर दिया। मुगल आक्रमण और जयचंद का विश्वासघात पृथ्वीराज चौहान और मोहम्मद गौरी के संघर्ष की कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है। 1192 में तराइन की दूसरी लड़ाई में जयचंद ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों और सत्ता की लालसा में मोहम्मद गौरी का समर्थन किया। इस विश्वासघात ने केवल पृथ्वीराज की हार को सुनिश्चित नहीं किया, बल्कि पूरे उत्तर भारत को एक लंबे समय के लिए मुस्लिम आक्रमणकारियों के हवाले कर दिया। इसके बाद मुगलों का भारत में विस्तार शुरू हुआ। बाबर ने पानीपत की पहली लड़ाई (1526) में इब्राहिम लोदी को हराकर दिल्ली की सत्ता पर कब्जा कर लिया, और इसके बाद का इतिहास मुगलों के साम्राज्य की स्थापना का गवाह बना। अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब जैसे शासकों ने इस साम्राज्य को और मजबूत किया, लेकिन इसके पीछे कई स्थानीय शासकों की गद्दारी और सहयोग भी था। राजपूतों से लेकर दक्षिण के कुछ राज्यों तक, कई बार स्वार्थ और निजी हितों ने साम्राज्य के विस्तार में मदद की। मीर जाफर और प्लासी की लड़ाई 1764 में बंगाल में प्लासी की लड़ाई एक और ऐसा उदाहरण है जहां मीर जाफर ने सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया। उसकी गद्दारी ने न केवल बंगाल की स्वतंत्रता को खत्म किया, बल्कि अंग्रेजी शासन की नींव भी रख दी, जिसने धीरे-धीरे पूरे भारत को अपने शिकंजे में ले लिया। मीर जाफर की गद्दारी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की प्रतीक थी जो अपने स्वार्थ के लिए देश को पराधीनता में झोंकने को तैयार थी। उसकी इस गद्दारी ने न केवल बंगाल की संपन्नता को छीन लिया, बल्कि पूरे भारत को गुलामी के काले दौर में ढकेल दिया। गद्दारी के और भी उदाहरण ऐसे ही एक और उदाहरण में नाना साहिब के सेनापति तांत्या टोपे को भी धोखा दिया गया था, जिसके कारण 1857 का स्वतंत्रता संग्राम असफल हो गया। ब्रिटिश अधिकारियों ने भारतीयों के बीच फूट डालकर अपनी पकड़ मजबूत की। चाहे झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का किला हो या कुंवर सिंह की वीरता, हर जगह गद्दारी की छाया ने स्वतंत्रता के सपने को कुचलने में बड़ी भूमिका निभाई। आधुनिक संदर्भ: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में गद्दारी यह गद्दारी केवल इतिहास तक सीमित नहीं है। 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भी कुछ ऐसे मामले सामने आए जब गुप्त सूचनाएं दुश्मन को बेची गईं। पाकिस्तान को भारतीय सेना की गतिविधियों और मूवमेंट की जानकारी देने वाले कुछ गद्दारों ने हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डाला। इसके अलावा, समय-समय पर भारतीय सुरक्षा बलों और सेना में घुसे कुछ ऐसे तत्व भी पकड़े गए हैं जो पैसे और निजी लाभ के लिए दुश्मन देशों के लिए जासूसी करते रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत लालच का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने की मानसिकता का हिस्सा है। गद्दारी की आधुनिक परछाइयाँ आज भी, जब हम अपने आसपास देखते हैं, तो यह गद्दारी की परंपरा खत्म नहीं हुई है। सत्ता, धन और व्यक्तिगत लाभ के लिए कुछ लोग राष्ट्रीय हितों को ताक पर रख देते हैं। यह प्रवृत्ति केवल इतिहास की बात नहीं, बल्कि आज के लोकतांत्रिक भारत में भी गहराई से जड़ें जमा चुकी है। राजनीतिक दल, बड़े उद्योगपति और कई बार मीडिया भी इसी स्वार्थ की राह पर चलते दिखते हैं। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों की लूट, गरीबों के हक की अनदेखी, और राजनीतिक स्वार्थों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता - ये सब आधुनिक गद्दारी के ही रूप हैं। आज भी कई बार राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कर व्यक्तिगत या दलगत स्वार्थों को प्राथमिकता दी जाती है।

क्या हमने सबक सीखा? इतिहास की इन कहानियों से हमें यह सीखने की जरूरत है कि जब भी देश के सामूहिक हितों की अनदेखी कर निजी स्वार्थों को तरजीह दी जाती है, तो न केवल एक व्यक्ति या क्षेत्र, बल्कि पूरी सभ्यता उसका खामियाजा भुगतती है। आज आवश्यकता है कि हम इन भूलों से सबक लें और एकजुटता, देशप्रेम और आत्मसम्मान की भावना को फिर से जागृत करें। हमें यह याद रखना होगा कि गद्दारी केवल अतीत की बात नहीं, बल्कि एक वर्तमान चुनौती भी है, जिसे समझना और रोकना हमारी जिम्मेदारी है।



प्रियंका सौरभ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# एक गुणवत्तापूर्ण शिविर अनुभव बच्चों को शक्तिशाली व्यक्तिगत कथाएँ़ बनाने का मौका दे सकता है : डा. सबीहा मुमताज

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** बुधवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में समर कैंप का प्रधानाचार्य डा. सबीहा मुमताज ने उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में समर कैंप का प्रधानाचार्य डा. सबीहा मुमताज ने दस जून तक चलने वाले समर कैंप का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समर कैंप से बच्चों को सीखने की एक नई शैली का अनुभव मिलेगा, जिसमें वे खेल-खेल में सीखेंगे, अपनी कल्पनाओं को आकार देंगे और टीम वर्क जैसे सामाजिक गुणों का विकास करेंगे। यह प्रयास शिक्षकों और प्रशासन की ओर से बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

समर कैंप वास्तव में सीखने योग्य क्षणों, शारीरिक गतिविधि और साथियों से शक्तिशाली संदेश का एक अद्वितीय संयोजन प्रदान करते हैं। एक गुणवत्तापूर्ण शिविर अनुभव बच्चों को शक्तिशाली ?व्यक्तिगत कथाएँ़ बनाने का मौका दे सकता है जो उन्हें दुनिया की व्याख्या करने में मदद करती हैं। यह बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस दौरान स्व परिचय, योग सत्र, मैं हूँ देशज, मैं भी हूँ लेखक, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर आदि कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिये। लगभग 500 छात्राओं के सहभागिता रही। छात्रोंओं ने अत्यधिक आनंद का अनुभव किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक धर्मेंद्र मिश्रा भी उपस्थित रहे। समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग के साथ कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** अशरफ जकरिया इस्लामिया इण्टर कालेज नूरपुर में भाजपा कार्यकताओं ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की अहिल्याबाई होलकर एक महान समाज सेविका थी उन्होंने अपने राज्य की सीमाओ के बाहर भारत वर्ष मे प्रसिद्ध तीर्थ स्थानो का निर्माण कराया एवं घाट, कुओं और बाबडीयो का निर्माण करवाया। भूखो के लिए अन्नसत्र खोले। उन्होंने बडी वीरता के साथ हाथी पर सवार होकर अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए कई युद्ध लडे ओर विजय प्राप्त की। देवी अहिल्याबाई होलकर कुशल शासिका, न्यायविद, सच्ची समाज सेविका, दया और धर्म की प्रतिमूर्ति थी। इस अवसर पर भाजपा के कार्यक्रम संयोजक वीरप्रकाश सिंह भुईयार, सुधीर चौहान, प्रमोहन चौहान आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष को स्व. वीर अब्दुल हमीद का चित्र देकर किया स्वागत




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह ने भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष नीतू सिंह को वीर अब्दुल हमीद का चित्र देकर स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि अब्दुल हमीद ( 10सितम्बर , 1965 ) भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सैक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गए युद्ध में अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति प्राप्त की जिसके लिए उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र मिला। जिला उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, मोहम्मद अशरफ, तनवीर शाह आदि मौजूद रहे।

# खुले में गोबर फेंकने पर नगर निगम ने हटाईं अवैध डेयरियां: दर्जनों पशु किए गए जब्त

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** नगर आयुक्त के निर्देश एवं अपर नगर आयुक्त के आदेश पर बुधवार पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में जोन 6, थाना पारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध डेयरियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान में पुलिस बल एवं नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से पारा क्षेत्र के भपतामऊ, बुड्ढेश्वर विहार एवं देवपुर में डेयरियों पर छापेमारी की गई।

कार्रवाई के दौरान मौके से 12 भैंस, 3 गाय, 2 पड़िया एवं 2 पड़वा बरामद किए गए। सभी पशुओं को ऐशबाग स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध कराया गया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि इन पशुओं को नियम अनुसार जुमार्ना भरने के बाद ही छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों से नगर निगम को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ डेरी संचालक गोबर को खुले खाली प्लॉटों में फेंक रहे हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी। गोबर का उचित प्रबंधन न होने के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था। नालियों में गोबर भर जाने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा था और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा था। नगर निगम ने जानकारी दी कि शहरी क्षेत्रों में डेरी संचालन की अनुमति नहीं दी जाती है। केवल अधिकतम दो गायों को लाइसेंस लेकर पालने की अनुमति दी जाती है। नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार भैंस को अपदूषण कारक पशु की श्रेणी में रखा गया है, अतः शहरी क्षेत्रों में भैंस पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस विशेष अभियान में पशु कल्याण विभाग के प्रभारी अभिनव, शिवेक, रामकुमार, नदीम, फुरकान एवं मनोज सहित पुलिस और प्रवर्तन विभाग की टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा नियमों का पालन करें। अवैध पशुपालन या खुले में गंदगी फैलाने की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जंगली सूअर के हमले से मजबे गांव का ग्रामीण घायल

वेलकम इंडिया



बागेश्वर, जिला मुख्यालय से मात्र आठ किमी की दूरी पर स्थित मजबे, डुंगरगांव, स्योनी, तड़िगांव, नैल अमतौड़ा सहित अन्य गांवों में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है। जंगली सुअरों का झुंड काश्तकारों की मेहनत से उगाई जाने वाली फसलों को खोदकर नष्ट कर दे रहे हैं। इसी कारण काश्तकार खेती छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र में सरेआम दिन दहाड़े जंगली सुअरों का झुंड खेतों के आसपास नजर आ रहे हैं। अब तक जंगली सुअर कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। जंगली सुअरों के आतंक से महिलाएं खेतों में झुंड बनाकर जाने को मजबूर है। मंगलवार शाम अचानक मजबे गांव के ग्रामीण दीप चंद जोशी पुत्र पीताम्बर जोशी मंगलवार शाम अपने मवेशियों के लिए रात्रि भोजन लिए घास के गट्ठर से चारा लेने जा रहे थे तभी अचानक वहां जंगली सुअर ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। उनकी चींखपुकार सुनकर परिवार और आसपड़ोस के लोग भी तत्काल वहाँ पहुंचे काफी हो हल्ला होने के बाद जंगली सुअरों का झुंड वहां से भाग गया। जिससे उनकी जान बच पाई। घटना के बाद उन्हें गम्भीर चोट आई है। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाए जहां उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास जंगली सुअरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

# प्रशासन की अनदेखी के कारण नर्क में जीने को मजबूर है ग्रामवासी



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** डिबाई तहसील क्षेत्र के ब्लॉक दानपुर के गांव उमरारा में हैरान और परेशान करने वाली घटना सामने आई जहां जहां पोखर की जमीन पर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर उस पर अबैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिससे गांव की नालियों का पानी पोखर तक नही पहुंच पा रहा है और इधर उधर ही भर रहा है जिससे गांव में जल भराव की बजह से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है जिसके कारण आमजन ही नहीं स्कूल जाने वाले छात्र व छात्राओं को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उच्चाधिकारियों को शिकायत के बावजूद भी शासन प्रशासन ने इस ओर अभी तक कोई भी ध्यान नहीं दिया है। जिससे गांव में भारी गन्दगी फैल रही जिसके कारण गम्भीर बीमारियां फैलने का ग्रामीणों को सता रहा है।

# विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने तथा अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए आई स्कैनर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने नजारत, एनआईसी सहित अन्य पटलों का औचक निरीक्षण किया और बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न पंजिकाओं का रखरखाव भी उचित तरीके से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें और इसकी नियमित निगरानी करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भगत सिंह भौर्याल मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी श्रुति द्वारा आतंक विरोधी दिवस के अवसर शपथ दिलाई गई

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति द्वारा आतंक विरोधी दिवस के अवसर शपथ दिलाई गई। हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेगें। हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भभाव तथा सूझ-बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। उक्त पश्चात अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ0 प्रशांत कुमार का स्थानान्तरण जनपद महाराजगंज होने पर विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आर आर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर:** आर आर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ( एनईपी ) पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020? विषय पर आयोजित की गई। जिसमें जनपद के करीब आठ स्कूलों के 64 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, सीबीएसई द्वारा नियुक्त कार्यशाला रिसोर्स पर्सन शिखा गौतम, कविता जोशफ ने ?संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मां सरस्वती के लिए वंदना गीत का आयोजन किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यशाला में नई शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए कार्यशाला विषय में रखे गए स्कूल प्रबंधन, कौशल कला, योग्यता आधारित शिक्षा, लर्निंग आदि विषयों पर विषय संबंधी ट्रेनरों ने शिक्षण को कैसे प्रभावी बनाने की नीतियां तैयार करने पर चर्चा हुई। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ?राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020? विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कविता गौतम ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ( एनईपी) को और अधिक प्रभावी ढंग से सफल बनाने के साथ ही शिक्षण कार्य को और अधिक सुगम व सहज बना सकते हैं। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में एक दूसरे से विस्तार से चर्चा करते हुए इसके समाधान हेतु अपने-अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए।

# ब्रज प्रेस क्लब और एनयूजेआई की वृंदावन इकाई की पहली बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** शीतल छाया स्थित इलेवन फ्लावर होटल में ब्रज प्रेस क्लब और एनयूजेआई की वृंदावन इकाई की पहली बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 29 मई गुरूवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही एनयूजेआई व ब्रज प्रेस क्लब वृंदावन की नवीन कार्यकारिणी का संपूर्ण गठन होने पर अगले महीने जून में शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित करने का फैसला किया गया।

ब्रज प्रेस क्लब और एनयूजेआई, वृंदावन के अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि बैठक में पत्रकार साथियों का 5 लाख का सड़क दुर्घटना बीमा, 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, जल्द पूल पार्टी के साथ-साथ प्रतिमाह एक सामूहिक मीटिंग भी करने के प्रस्ताव पारित किए गये। संरक्षक डॉ गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। हम सभी पत्रकारों को धूमिल व धुँधला न होकर अपनी छवि को स्वच्छ व निष्पक्ष रखते हुए पत्रकारिता करनी है। सत्यता, ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता, निर्भीकता मिशनबद्ध पत्रकारिता की सच्ची कसौटी है। हम सभी पत्रकारों को इसका पूर्णतः पालन करना चाहिए। संरक्षक महेश वार्ष्णेय ने कहा कि बदलते दौर में गिरते पत्रकारिता के मापदंडों को पुनः स्थापित करने के साथ लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कही जाने वाली पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मार्गदर्शक जगन्नाथ पोद्दार ने कहा कि हमें अपनी पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र और समाज उत्थान की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास करते रहना चाहिए। इससे पूर्व होटल इलेवन फ्लावर के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित गोयल ने सभी पत्रकारों का उपहार देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर महासचिव बलराम शर्मा, सचिव पार्थ कृष्ण गौतम, उपाध्यक्ष दिनेश चोधरी, मीडिया प्रभारी डॉ. राधाकांत शर्मा, गोपाल शर्मा, दुष्यंत दीक्षित, प्रशांत वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# अष्टदिवसीय रंग रंगीला 53 वां श्री श्याम महोत्सव हाँसी में 25 मई से 1 जून तक : जगदीश राय मित्तल

वेलकम इंडिया



**हांसी । मनमोहन शर्मा।** कलयुग के अवतार श्री श्याम प्रभु की विशेष अनुकप्पा से श्री श्याम मन्दिर, हांसी का अष्टद दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का 25 मई से ।जून तक भव्य का आयोजन किया जा रहा है । श्री श्याम तोरण द्वार से मन्दिर तक विशेष इलेक्ट्रिकल लाइट से संजाया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को श्याम भवन में एक पत्रकार वार्ता में संस्था के प्रधान जगदीश राय मित्तल ने दी । इस मौके पर समाजसेवी विनय जैन , अग्रोहा विकास ट्रस्ट , लक्ष्मीकान्त गर्ग उर्फ लिच्छु , गौरव जैन ( ट्राफी वाले ), राकेश व प्रवक्ता राघव गोयल के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे । प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि 25 मई को अखण्ड ज्योत प्रज्जवर्लित शहर के प्रमुख समाजसेवी अजय व कमल कम्बरी करेंगे । 26 मई को श्री श्याम नाम की मेहन्दी कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका सुनीता जैन करेगी ।27 मई को शहर के मुख्य बाजारों से भव्य कलश यात्रा की अध्यक्षता दिल्ली से श्रीमती सुरेखा व अरुण मित्तल बागड़ी साड़ी वाले करेंगे ।28 मई भव्य निशान यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीआई फोर्ट के संरक्षक विजय गोयल व राम अवतार गोयल करेंगे । 29 मई हरिनाम नगर संकीर्तन बहादुरगढ़ रोहतक व हिसार इस्कान वाले करेंगे । भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की अध्यक्षता राघव शर्मा प्रधान ,सीताराम परिवार सेवा समिति करेंगे 30 मई श्री श्याम रथ सवारी की अध्यक्षता श्याम प्रेमी श्रीमती ज्योति मनोज चोपड़ा करेगी । इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री श्याम जागरण 31 मई शनिवार को फुलचन्द्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में होगा । इस बार भजन गायक कैन्हया मित्तल चण्डीगढ़ , कोलकता सौरभ शर्मा, जयपुर सोमानी , नरेश म्यूजिक ग्रुप व फतेहबाद से परविंदर पहली बार आ रही है । इस कार्यक्रम के मुख अतिथि सुशील भड़ाना ग्रीन बेली पार्क , ज्योत प्रज्जवलन राकेश बंसल / जिनेन्द्र जिंदल व दिल्ली से सरपरस्त प्रतीक गोयल केडियों वाले होगें । मित्तल ने बताया कि अध्यक्षता विनोद भयाणा व अन्य अतिथि एडवोकेट मनोज जैन व संरक्षक ओपी गुप्ता होगे । एक शाम सांवरे के नाम 1 जून भजन गायिका दीदी पूर्णिमा आ रही है । समारोह के मुख्य अतिथि जयपाल गोयल कोटा वाले व अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमन शर्मा के अलावा शहर के प्रमुख समाजसेवी सरपरस्त लक्ष्मी कान्त गर्ग व मदन मोहन सेठी भी पहुँच रहे है ।

# धोखाधड़ी कर हड़पी जमीन, न्याय को भटक रहे आदिवासी परिवार को डॉ० संदीप का मिला साथ

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** जनपद के रक्सा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलींदा निवासी मोहन आदिवासी के पास गांव में ही पट्टे की एक जमीन थी जो उसने अपनी पुत्रियों के विवाह के लिए रोजगार सृजन के रूप में संचित कर रखी थी लेकिन गांव के ही रहने वाले शंकर सिंह राजपूत ने धोखाधड़ी कर उसकी जमीन प्रीतम नामक एक व्यक्ति के नाम कर दी। जन असहयोग के कारण एवं जानकारी के अभाव में मोहन आदिवासी दर दर न्याय के लिए भटक रहा था। कुछ लोगों द्वारा मोहन को संघर्ष सेवा समिति कार्यालय संपर्क करने की सलाह दी गई जानकारी प्राप्त कर मोहन आदिवासी अपने परिवार के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे, जहां प्रकरण की पूरी जानकारी ली गई। आज डॉ० संदीप सरावगी संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां मोहन के साथ हुई धोखाधड़ी की पूरी जानकारी प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी गयी। डॉ संदीप ने कहा आदिवासी जन बहुत मेहनत कर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं उनके साथ धोखाधड़ी करने वालों पल कठोर से कठोर कार्यवाही होना चाहिये। अधिकारियों द्वारा इस प्रकरण में न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। न्याय की आस में बैठे आदिवासी परिवार ने न्याय पथ प्रशस्त होता देख डॉ० संदीप व संघर्ष सेवा समिति की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर संदीप नामदेव, सुशांत गेडा, आशीष विश्वकर्मा, गोपाल सहारिया, राजू सेन, महेन्द्र रायकवार, आदि उपस्थित रहे।

# दुर्गा उत्सव महासमिति व हिंदू संगठनों ने उठाई मढिया महाकालेश्वर मंदिर में कारिडोर की मांग



वेलकम इंडिया

**झांसी।** गोविन्द चौराहे स्थित प्राचीन मढिया महाकालेश्वर मंदिर में कारिडोर बनने की मांग दुर्गा उत्सव महासमिति व हिंदू संगठनों ने की है।

अध्यक्ष पुरुषोत्तम स्वामी, महामंत्री विनोद अवस्थी, उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, संयोजक पीयूष रावत सहित विभिन्न पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिला प्रशासन को ग्यापन दिया। इसमें कहा गया कि पांच सौ वर्ष पुराना मढिया महाकालेश्वर मंदिर पर संपूर्ण अतिक्रमण था। हिंदू संगठनों के संघर्ष से अतिक्रमण मुक्त हुआ। उसी समय प्रशासन ने मंदिर के लिए 25 से 30 फीट का रास्ता झोकनबाग से देने को कहा था। हिंदूवादी नेता विनोद अवस्थी, अतुल मिश्रा, जयदीप खरे आदि के नेतृत्व में 2023 को प्रशासन के विशेष सहयोग से मढिया महाकालेश्वर मंदिर को 25 फीट का रास्ता मिल गया। लेकिन मंदिर के आस पास अभी भी अतिक्रमण है। विगत समय रहे ज़िलाधिकारी अविनाश कुमार ने कारिडोर बनाने हेतु 12 करोड़ रुपए देने का वादा किया था। जिसका सर्वे तहसीलदार ललित पाण्डेय व पी डब्ल्यू डी द्वारा किया जा चुका है।सभी हिंदूवादी संगठन, व्यापार मंडल के पदाधिकारी व दुर्गा उत्सव महासमिति के पदाधिकारी आग्रह करते है कि कारिडोर बनाया जाए।यह सभी रवीश त्रिपाठी, प्रभात शर्मा,अतुल मिश्रा ,पवन गुप्ता,विकास अवस्थी ,कंपू अवस्थी,रवि यादव ,सत्येंद्र पुरी गोस्वामी उपस्थित रहे !

# आधुनिक भारत के निमार्ता थे राजीव गांधी, कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर ।** आधुनिक भारत के निमार्ता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रमान की अध्यक्षता में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और गोष्ठी कर देश के लिए उनके बलिदान को याद किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि स्व. राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी और देश में संचार क्रांति की शुरूआत की। ग्रामीण भारत और पंचायती राज को राजीव गांधी जी ने मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत निर्माण में राजीव गांधी जी का योगदान अतुलनीय है। देश आज आधुनिक भारत के प्रणेता को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को तरक्की की एक नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ते हुए देश के लिए उनका बलिदान युगों युगों तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सद्भाव और एकजुटता से नफरत को हराकर ही विकसित भारत का सपना पूरा हो पाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों में देश को राजीव गांधी जी के सुपुत्र राहुल गांधी की जरूरत है । राहुल गांधी और प्रियंका गांधी उनके सपनों के भारत को बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं ।

पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र शर्मा, प्रशांत बाल्मिकी और एसडी शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से दूरसंचार क्रांति की शुरूआत कर भारत को कंप्यूटर युग से परिचित कराया । राजीव गांधी के आधुनिक विचारों की छाप उनके सुधारवादी कार्यों में देखी जा सकती है। वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र राघव, नईम मंसूरी, मुनीर अकबर, शकील अहमद, सचिन वशिष्ठ और इसराइल गहलोत ने कहा कि आधुनिक सोच और अद्भुत निर्णय क्षमता वाले भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी ने देश को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई थी । संचालन मनीष चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, वीरेंद्र शर्मा, सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, ज्ञानेंद्र राघव, संजय शर्मा, नईम मंसूरी, मुनीर अकबर, इसराइल गहलोत, शकील अहमद, एसडी शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, सचिन वशिष्ठ, पूजा चौधरी, विमलेश बाल्मिकी, अनिल शर्मा, आदर्श देव शर्मा, सादिक सैफी, सलाम खान, बबलू कुरैशी, लक्ष्मी नारायण शर्मा, एसपी सिंह राजोरा, मुनेश शर्मा, बसंत वशिष्ठ, सलीमुद्दीन सैफी, अन्नू चौहान, फिरोज, कृष्ण कुमार सैनी, योगेश शर्मा, इशू शर्मा, नरेश शर्मा, शीशपाल जाटव, शिवम वशिष्ठ, आरिफ कुरैशी, किशन चौधरी, साहिल शाह आदि मौजूद रहे।

# दंबगई, समुदाय विशेष के युवकों ने चांट विक्रेता को दुकान में बंद कर पीटा, गला दबाने का किया प्रयास

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर के अहार बाईपास पर टिक्की समोसे बेचने वाले एक युवक के साथ समुदाय विशेष के आधा दर्जन युवकों द्वारा दुकान में बंद कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने पीड़ित को अपनी दुकान में खींचकर उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपकर पांच नामजद व तीन अज्ञातों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के मुताबिक मौहल्ला मैमारान निवासी हरकेश अहार बाईपास पर ठेला लगाकर टिक्की समोसे बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि मंगलवार की शाम छह बजे उसके पड़ोस में ही दुकान करने वाले नदीम, राशिद, नवाब निवासी चचरई व शहबाज निवासी खैर, अलीगढ़ व साहिल हरकेश के साथ गाली गलौंच करने लगे। विरोध करने पर पांचों आरोपितों ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर हरकेश को जबरन खींचकर अपनी दुकान में ले गए। दुकान के बाहर खड़े कुछ युवकों ने दुकान का शटर गिरा दिया और अंदर मौजूद आरोपितों ने हरकेश के साथ बुरी तरह मारपीट कर उसकी गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है जिसमें कुछ लोग दुकान का शटर जबरन बंद करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित पहले भी उसे धमकी देते रहे हैं। पुलिस ने तहरीर में नामजद व अज्ञात सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

> पीड़ित का मेडिकल करवाकर उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
> **–रामफल सिंह, कोतवाली प्रभारी जहाँगीराबाद।**

# सेना के सम्मान में मथुरा नगर निगम वार्ड नंबर 47 में तिरंगा यात्रा निकाली गई

वेलकम इंडिया



**मथुरा:** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में मथुरा नगर निगम वार्ड नंबर 47 में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में अतिथि के रूप में मथुरा के महापौर विनोद अग्रवाल हुए शामिल । तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व पार्षद तिलक चौधरी ने किया तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा करके स्वागत । महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा हमारी सेवा के द्वारा जिस तरह से दुश्मन देश पाकिस्तान को पराजित किया है आज हम अपनी सेवा के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं और देश को एकता का संदेश दे रहे । तिरंगा यात्रा में हुए शामिल सैनिकों को महापौर विनोद अग्रवाल ने तिरंगा झंडा देते हुए दुपट्टा पहन कर किया सम्मान। पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी ने कहा आज की यात्रा में सभी देशभक्त हुए शामिल और अपने देश की सेना के सम्मान में लोगों ने गगन भेदी नारे लगाते हुए एक दूसरे ऑपरेशन सिंदूर की दी बधाई । सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित ने आज बड़ी संख्या में देशभक्तों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर एकता का जो संदेश दिया है इससे कहीं ना कहीं हमारी सेना का मनोबल बढ़ता है।

# समर कैंप का उद्घाटन हुआ

वेलकम इंडिया



**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठठरा के प्रांगण में बुधवार को अपना दल (एस)के जिलाध्यक्ष वाराणसी व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र प्रसाद पटेल ने फीता काटकर समर कैंप का उद्घाटन किया। मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त उन्होंने बताया कि समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुउपयोगी है। विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने बताया की कैम्प 10 जून तक चलेगा, जिसमें बच्चों को पेंटिंग, लर्निंग बाय डूइंग चित्रकला, मिट्टी के खिलौने, खेल-खेल में सीखें, कबाड़ से जुगाड़ जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आनन्ददायक वातावरण में प्रशिक्षक बच्चों को विशेष गुर सिखायेंगे।

पूर्व ए०आर०पी० डा० आलोक त्रिपाठी जी ने सरस्वती वंदना से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में नियुक्त प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार व मंजूलता मौर्य के. अलावा शिक्षक फेकूराम मौर्य,नान्दी फाउंडेशन ( नन्ही कली ) की अनुदेशिका बबिता यादव, श्रीमती रीना श्रीवास्तव, बेबी कुशवाहा, ज्योति बिन्द, नीलम पटेल, कई अभिभावक व ग्रामवासी शामिल हुए।आज बच्चों को सूर्य नमस्कार,कैरम व रस्सी कूद की गतिविधियां करायी गयी। अन्त में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षक संकुल चन्द्रबली पटेल ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया

# खेत में खड़ा ट्रैक्टर चुरा ले गये चोर

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र में याकूबपुर से दौलतगढ़ मार्ग पर नेकपाल सिंह के खेत में खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात लोग चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखुपुर रोरा निवासी जुगेन्दर सिंह पुत्र रामरिख सिंह ने बताया कि मेरा ट्रैक्टर मेरी भतीजी पूजा पत्नी पिंटू निवासी ग्राम याकूबपुर थाना सलेमपुर के यहां कृषि कार्य करने हेतु गया हुआ था। जो कि घर से कुछ दूरी पर लेखपाल सिंह के खेत में आठ मई को खड़ा कर दिया था।09 मई की शाम ट्रैक्टर को देखा तो तब तक अज्ञात लोग चोरी कर ले गए थे। थाना प्रभारी लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि शेखूपुर निवासी जुगेन्दर सिंह का ट्रैक्टर सलेमपुर के गाँव याकूबपुर से हुए चोरी के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र मिला है जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है।

# जल संरक्षण कार्यों की डीपीआर एक सप्ताह में जमा करें अधिकारी-जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को स्प्रिंगशेड एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा) के तहत प्राकृतिक जल स्रोतों, नौले-धारे और नदियों के जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए ।जिला कार्यालय में बुधवार को आयोजित बैठक में, जिलाधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि डीपीआर तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सारा टीम और सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए कहा ।जिलाधिकारी ने कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है और अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने जियोलॉजिकल रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जा सके। इसके अतिरिक्त, योजना कार्यों की जियो-ट्रैकिंग और फोटोग्राफ के साथ सिटीजन इंफॉर्मेशन बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी भटगांई ने सारा टीम और रेखीय विभागों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में कार्यों में प्रगति नहीं दिखती है, तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित लक्ष्य और एकीकृत योजना के साथ जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बेहतर समन्वय स्थापित कर जल संरक्षण के प्रयासों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया और कहा कि विभागीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक सप्ताह में डीपीआर तैयार की जाए।

# भारतीय सेना के साहस का जश्न टांडा में निकली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया,



**टाण्डा जिला रामपुर।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में बुधवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में भाजपा कार्यकताओं और नगर निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा मुरादाबाद मार्ग पर सीएचसी के सामने स्थित पृथ्वी वेंकट हॉल से शुरू होकर सदर बाजार होती हुई दढ़ियाल मार्ग पर स्थित विश्वनाथ मढ़ी मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान देशभक्त अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए भारत माता का गुणगान करते हुए चल रहे थे और देश के अमर शहीदों का जागरण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, क्षेत्रीय मंत्री रवि रुहेला, पूर्व पालिकाध्यक्ष पति एवं भाजपा नेता मकसूद लाला, समर सिंह, प्रथी सैनी,पप्पन सक्सेना, कृष्ण अवतार सैनी, रोहित पंडित, मास्टर शौकत और सभासद शफीक अहमद सहित बड़ी संख्या में देशभक्त शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों ने भारतीय सेना के साहस और बलिदान का सम्मान किया और देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

# वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर जागरूकता फैलाने को लेकर आईआईए ने की महत्वपूर्ण बैठक

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ बुधवार को आई.आई.ए. भवन मेरठ चैप्टर द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर जागरूकता फैलाना तथा इस पर उद्योग जगत की राय को एक मंच पर लाना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विनीत शारदा प्रदेश संयोजक, भाजपा, व्यापार प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश एवं भाजपा मेरठ महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी तथा शहर के प्रमुख उद्यमीगण उपस्थित रहे विनीत अग्रवाल शारदा ने भव्य ऊधमी घोष्ठी में मेरठ के उधमी और व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की भारत में एक चुनाव की व्यवस्था जल्द लागू हो जाएगी। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। इसमें जहां सरकार का कार्यकाल अधिक



होगा, उसका कार्यकाल कम किया जाएगा और जहां सरकार का कार्यकाल खत्म होगा, उसे बढ़ा दिया जाएगा। इन चुनावों के सौ दिन के भीतर निकाय चुनाव और ज़िला एवं पंचायत चुनाव भी हो जाएंगे। देश में एक चुनाव होने से पैसा और समय दोनों बचेगा, बार बार चुनाब होने से व्यापारी का व्यापार प्रभावित होता है उधमी का उधोग रुकता है सरकारी मशीनरी का चक्का जाम हो जाता है देश में आये दिन आचारसाहिता लगने से भारत का ग्रोथ रुक जाता है आज देश को जरूरत ही एक राष्ट्र एक चुनाब की देश की प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नैतृत्तव में सन-2026 तक भगवान के आशीर्वाद से यह हो जाएगा आपके आशीर्वाद की जरूरत है जो आपने आज दिया है उसके लिये दिल से धन्यवाद। देश की आजादी के बाद 1951, 1952 से 1967 तक देश में एक समय में सभी चुनाव होते थे उस समय की प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गाँधी ने अपनी और कांग्रेस की राजनीति जमीन खिसकती नजर आई तो यह प्रतिक्रिया बंद करा दी जिसका खामियाजा देश अब तक भुगत रहा है विनीत शारदा बोले एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से श्रम भी कम करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि देश की प्रकृति में उत्तर प्रदेश एक ग्रोथ इंजन की तरह आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश योगी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटेल पर अपना झंडा लहरहा है आज चारों तरफ भारत माता की जय के नारे लगाते हैं तथा जब हमारे प्रधानमंत्री दूसरे देशों में जाते हैं तो उनका भव्य स्वागत होता है परंतु पहले हमारे प्रधानमंत्री जब जाते थे तो किसी को पता भी नहीं लगता था कि भारत का प्रतिनिधित्व करने की कोई आया है। उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की नाजायज औलाद है पाकिस्तान जब से बना है उसने केवल आतंकवादियों को ही जन्म दिया है वहां की फैक्ट्री में उद्योग नहीं लगते बल्कि आतंकवादियों के कैंप लगते हैं नए-नए आतंकवादियों का जन्म होता है पाकिस्तान के आतंकबादी जिन्ना, ऑरंगजेव , गौरि बाबर की नाजायेज ओलाद है इस बार इनको सही जवाब भारत की वीर सेना ने दिया है भाजपा नेता विनीत शारदा ने कहाँ यह नया भारत है जो अपने दुश्मन के घर में घुस कर उसे खत्म करने की ताकत रखता है भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों का नाम पूछकर उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से वादा किया था कि पाकिस्तान में अंदर घुसकर आतंकवाद का सफाया करेंगे।

# रातों को पैदल भ्रमण कर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर साफ सफाई को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ रखने का नाम है / डीएम अभिषेक पांडे

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/मेरठ विकास प्राधिकरण वीसी के पद से शासन आदेश पर ट्रांसफर होकर आए।जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा हापुड़ में कार्यभार संभालते ही सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार एवं ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।विदित रहे कि जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा चार्ज संभालते ही बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय में चल रहे। भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते ही अन्य विभागों में तैनात कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। और अधिकारियों एवं कर्मचारीयों को दबी जुबान में कहते सुना जा रहा है कि ऐसे जिलाधिकारी हापुड़ में आज तक नहीं आए हैं। जो



रात देख रहे हैं। ना दिन जिसका जीता जागता उदाहरण हापुड़ शहर में देखने को मिला है। जिसमें रात को सड़क पर उतरे डीएम ने दुकानदारो को साफ सफाई के निर्देश देते हुए गंदगी फैलाने वालों पर जुमार्ना लगाने के भी आदेश जारी किए। डीएम अभिषेक पाण्डे रात्रि 11 बजे से लगभग एक बजे तक शहर की सड़को पर पैदल भ्रमण करते हुए पक्का बाग से होकर गोल मार्केट, पाटिया मंडी, पुराना बाजार, रेलवे रोड फ्रीगंज रोड और बुलंदशहर रोड से होकर निकले और साफ सफाई को लेकर बाजारों का निरीक्षण किया। रात्रि भ्रमण के दौरान एसडीएम, ईओ नगर पालिका साथ रहे। जिसके चलते कुछ दुकानदारों के द्वारा कूड़ा करकट बाहर फेंका हुआ था।

# जिलाधिकारी के द्वारा ग्राम हरसिंहपुर ब्रजनाथपुर में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम हरसिंहपुर के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका 10 दिनों के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए । जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे राशन की उपलब्धता, पानी की उपलब्धता, आवासीय योजनाओं द्वारा मकान बनाने, शौचालय, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। चांद चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम, उप जिलाधिकारी सदर , जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हापुड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# एसएसपी द्वारा सर्किल शिकारपुर का अर्दली रूम करने के उपरान्त कस्बा शिकारपुर में किया गया पैदल मार्च

**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/बुलंदशहर/मंगलवार शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल शिकारपुर में 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में अर्दली रूम किया गया, जिसमें विवेचकों को विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से निस्तारण, वांछित एवं एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के साथ-साथ समय से आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कर सजा के अन्तिम परिणाम तक पहुँचाने तथा 07 वर्ष के कम अवधि की सजा वाली धाराओं की विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र-अतिशीघ्र करने व महिला सम्बन्धी अपराधों में न्यूनतम समय में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर सजा दिलवाने व प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के क्रम में अपराधियों को सजा दिलवाने में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी पैरवी करने को भी



निर्देशित किया गया। साथ ही आईजीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा सम्बन्धित को लम्बित विवोचनाओं का शत-प्रतिशत शीघ्रतम विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना शिकारपुर क्षेत्र में पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शिकारपुर शिव ठाकुर, थाना प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम शिकारपुर, सलेमपुर व पहासू भी मौजूद रहें।

# एनसीआरएमयू छोड़कर एनसीआरईएस का दामन थामा सदस्यता ग्रहण की



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की वाणिज्य विभाग में कार्यरत प्रवीण कुमार, कार्यालय अधीक्षक ने एनसीआरएमयू का दामन छोड़ कर एनसीआरईएस में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव के द्वारा पट्टा पहनकर संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली ।

प्रवीण ने बताया कि एनसीआरईएस की कर्मचारी हितों के लिए कार्य करने की कार्यशैली अत्यंत ही प्रभावित करने वाली हैं । एनसीआरईएस के द्वारा हमेशा कर्मचारियों के लिए निष्पक्ष भाव से कार्य करने की क्षमता और पारदर्शिता के साथ काम करना अत्यंत ही प्रभावित करता हैं और संघ हमेशा कर्मचारियों के लिए ही संघर्ष करता हैं न व्यक्तिगत हितों के लिए । इस दौरान राजेंद्र सिंह, गजेंद्र साहू, देवेंद्र सिसौदिया, गौरव श्रीवास्तव, जगदीश सैन्या, चंद्र प्रकाश, लोकेश यादव, राकेश खरे, अविनाश कुमार, आशीष कन्नौजिया, ठाकुरदास, मंटू कुमार, उमेश कुमार, राहुल चौधरी, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी अभिषेक पांडे को रामलीला समिति के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सौंपा निमंत्रण पत्र

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/हापुड़ रामलीला समिति रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का निमंत्रण पत्र समिति के एक प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा डीएम अभिषेक पांडे को सौंपा गया। समिति के प्रधान रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दिनांक 22 मई 2025 को होने वाली भव्य कलश शोभा यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर दी गई है। जो श्री महावीर दल चंडी रोड से प्रारंभ होकर सनातन धर्म सभा पर प्रस्थान करेगी। जिसमें राधा कृष्ण की झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र बनेगी। महामंत्री विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा पूरे शहर में निमंत्रण पत्र वितरित किये गए हैं। भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान 108 महिलाएं कलश लेकर शोभा यात्रा के साथ-साथ चलती हैं। परंतु इस बार लगभग 200 से ज्यादा महिलाएं कलश लेकर



भव्य कलश शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगी। संयोजक अनिल आजाद एडवोकेट ने बताया की समिति द्वारा कथा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के लिए समिति ने गर्मी में अत्यधिक मेहनत की हैं। ताकि कथा को और अधिक भव्य बनाया जा सके। कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर में कथा स्थल पर दो बड़े ए सी ( जो मंदिर के सत्संग भवन में लगे हुए है ) का प्रयोग किया जाएगा जिससे श्रोताओं को गर्मी नहीं लगेगी । कार्यक्रम अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि कथा का लाइव प्रसारण समिति के यूट्यूब चैनल पर प्रत्येक दिन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी शुभम गोयल एडवोकेट ने बताया कि पूरे शहर में बड़े-बड़े होल्डिंग लगवा दिए हैं। जिसे कथा की सूचना जनमानस तक पहुंच सके और ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तजन कथा में उपस्थित होकर कथा को सुन सके।

# वरिष्ठ पपत्रकार लोहनी को पितृशोक

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार अशोक लोहनी के पिता 89 वर्षीय महेश्वर दत्त लोहनी का आकस्मिक निधन हो गया है।वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्होंने अपने पैतृक गांव जौलकांडे के ढुंगाधारा तोक में अंतिम सांस ली। अपराह्न दो बजे सरयू व गोमती संगम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र वरिष्ठ पत्रकार अशोक लोहनी ने दी। पत्रकार लोहनी के पिता के निधन का समाचार सुनते ही पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों के साथ जनप्रतिनिधि सरयू गोमती संगम तट पहुँचे।संगम तट पर दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, उपाध्यक्ष हेम



जोशी, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, समेत विभिन्न पत्रकारों में पत्रकार संगठन एनयूजेआई जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता, हिंदुस्तान समाचार ब्यूरो देवेंद्र पांडेय, योगेश नगरकोटी, महेश जोशी, सुरेश पांडेय, सुष्मिता थापा, सहित अन्य पत्रकार घनश्याम जोशी, महीप पांडेय, सुंदर सुरकाली समेत जुगल कांडपाल, प्रकाश साह, मनोज ओली आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली हापुड़ में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित समर कैंप का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली हापुड़ में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आदरणीय प्राचीष सिंह सिद्धू ग्राम प्रधान अकड़ोली जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार प्रधानाध्यापक ने सभी को समर कैंप के विषय में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि यह कार्यक्रम 25 मई 2025 से शुरू होकर 10 जून 2025 तक प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें



विभिन्न प्रकार की गतिविधियों द्वारा छात्रों को आईसीटी, विज्ञान, गणित किट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कूद, योगासन, पर्यावरण, स्वच्छता आदि कार्यक्रम के कौशल को स्वस्थ्य माहौल में बच्चों को ग्रीष्म अवकाश के समय में विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ-साथ ही सभी उपस्थित छात्रों को प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार एवं ग्राम प्रधान प्राचीष सिंह सिद्धू द्वारा स्टेशनरी के रूप में पेन, अभ्यास पुस्तिका, पेंसिल, रबर, कलर, टी एल एम, पोस्टर मेकिंग सामग्री आदि वितरित की गई तथा अतिरिक्त न्यूट्रिशन के रूप में ग्लूकोस बिस्किट के पैकेट वितरण किए गए।

# प्रोजेक्ट माला हाई सेकण्ड्री स्कूल बना जनपद का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय

**वेलकम इंडिया**

**कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लाक के गुड़िया ठठरा स्थित प्रोजेक्ट माला हायर सेकण्ड्री स्कूल बना जनपद का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय। अपने बेहतर शिक्षण और प्रबंधन के चलते नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं। हाल ही मे घोषित बोर्ड परीक्षाओं मे अपने शानदार प्रदर्शन के बाद एक बार पुनः नया इतिहास रचते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित करीब 28000



विद्यलायों मे से प्रोजेक्ट माला ने अपने बेहतर परीक्षा परिणाम उपलब्ध भौतिक संसाधनों श्रेष्ठ प्रबंधन के दम पर पूरे जनपद में पहला और प्रदेश में 74वां रैंक प्राप्त कर न केवल अपना बल्कि अपने ब्लॉक और जनपद का नाम भी प्रदेश में रोशन किया है। सनद रहे कि प्रत्येक सत्र के प्रारंभ में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश अपने अधीन संचालित विद्यालयों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विभिन्न निर्धारित मानको के आधार पर विद्यालयों की रेटिंग करता है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्रोजेक्ट माला के सीईओ अनिल साहू ने शिक्षकों और पूरी टीम का उत्साह वर्णन करते हुए कहा कि अगर मन में ठान लिया जाए तो कोई लक्ष्य संभव नहीं होता है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से होगा समुचित भारत का विकास : विनीत शारदा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ प्रदेश संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ विनीत अग्रवाल शारदा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य व्यापारी सम्मेलन में हापुड़ के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की एक चुनाव की व्यवस्था जल्द लागू हो जाएगी। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। इसमें जहां सरकार का कार्यकाल अधिक होगा, उसका कार्यकाल कम किया जाएगा और जहां सरकार का कार्यकाल खत्म होगा, उसे बढ़ा दिया जाएगा। इन चुनावों के सौ दिन के भीतर निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव भी हो जाएंगे। देश में एक चुनाव होने से




पैसा और समय दोनों बचेगा, देश की आजादी के बाद 51, 52 से 67 तक देश में एक समय में सभी चुनाव होते थे उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंद्रा गाँधी जी ने अपनी और कांग्रेस की राजनीति जमीन खिसकती नजर आई तो यह प्रतिक्रिया बंद करा दी जिसका खामियाजा देश अब तक भुगत रहा है । विनीत शारदा बोले एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से श्रम भी कम करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि देश की प्रकृति में उत्तर प्रदेश एक ग्रोथ इंजन की तरह आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश योगी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटेल पर अपना झंडा ला रहा है आज चारों तरफ भारत माता की जय के नारे लगाते हैं तथा जब हमारे प्रधानमंत्री दूसरे देशों में जाते हैं तो उनका भव्य स्वागत होता है परंतु पहले हमारे प्रधानमंत्री जब जाते थे तो किसी को पता भी नहीं लगता था कि भारत का प्रतिनिधित्व करने की कोई आया है। उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की नाजायज औलाद है पाकिस्तान जब से बना है उसने केवल आतंकवादियों को ही जन्म दिया है वहां की फैक्ट्री में उद्योग नहीं लगते बल्कि आतंकवादियों के कैंप लगते हैं इस बार इनको सही जवाब भारत की वीर सेना ने दिया है भाजपा नेता विनीत शारदा ने कहाँ यह नया भारत है जो अपने दुश्मन के घर में घुस कर उसे खत्म करने की ताकत रखता है।

# जिला पुलिस अधीक्षक ने शहर के व्यापारियों व पेट्रोल पंप के स्वामियों के साथ की एक संगोष्ठी

**वेलकम इंडिया**



**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. व उप पुलिस अधीक्षक हांसी रविंद्र सांगवान ने पुलिस जिला हांसी में सुरक्षा के मध्यनजर सरार्फा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, पट्रोल पंप सचांलको व बैंक अधिकारियों संग बैठक की गई। व्यापारियों/व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा दिये गये सुझावों को भी अमल में लाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित ने कहा कि बैंक परिसरों मे अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सल कैमरे लगाने का सुझाव दिया। सभी एटीएम के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाएं ताकि एटीएम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके और साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। बैंक के तीनों और अगर कोई भी बिल्डिंग नहीं है तो बैंक के चारों और कैमरे लगवाए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में रात के दौरान एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए और उन्हें सतर्क रहने के जानकारी दी जाए व बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें। बैंक अपने कस्टमर की निजी जानकारी किसी को भी ना दे। उन्होंने कहा कि हांसी शहर के सदर बाजार, चौपटा बाजार, बजरिया चौक, भीड़-भाड़ वाले स्थान तथा सरार्फा बाजार में राईडर व सादे कपड़ों में पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। पुलिस अधीक्षक अमित ने सरार्फा बाजार के व्यापारियो से अपील की है कि दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की वेरीफिकेशन जरुर करवाएं तथा रात्री के सम ? चौकीदार की व्यवस्था भी सुनिश्चित कि जाए। हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाएं जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रह सके, कैमरों की फुटेज साफ होगी। जिससे अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकड़ने मे आसानी होगी। सभी अपनी दुकान पर कैमरा इस तरह लगाएं की दुकान में प्रवेश करने हर व्यक्ति का चेहरा साफ नजर आए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। दुकानो पर लगें कर्मचारियों की चरित्र सत्यापन जरुर करवाएं।

# सभी धर्मों का सम्मान करने वाले पत्रकार नईम सिद्दीकी कुमाऊं गढ़वाल के अपने मित्रों के साथ पहुंचे कोटद्वार स्थित श्री बाबा सिद्धबली मंदिर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद। नगर के वरिष्ठ पत्रकार व सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम सिद्दीकी जनपद पौड़ी के कोटद्वार स्थित कुमाऊं गढ़वाल के अपने मित्रों के साथ पहुंचे श्री बाबा सिद्धबली मंदिर। लाइव टीवी यूपी उत्तराखंड के संपादक नईम सिद्दीकी हर वर्ष होली भी पूरे हर्षोल्लास से मनाते है। नईम सिद्दीकी विगत 30 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में आपसी प्रेम सद्भाव के साथ कार्य कर रहे हैं मंगलवार को बाबा सिद्धबली मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है क्यों की कोटद्वार गढवाल , कुमाऊं के हजारों लोगों श्री बाबा सिद्वबली मंदिर पर प्रसाद के रूप में नारियल और गुड़ का चढाने आते है। श्री सिद्धबली मंदिर के प्रबंधक शैलेश जोशी के कुशल मार्गदर्शन में मंदिर की सभी व्यवस्थाएं काफी दुरुस्त रहती हैं। लाइव टीवी यूपी उत्तराखंड के संपादक नईम सिद्दीकी भी कुमाऊं गढ़वाल के अपने परम मित्रो गोपाल बिष्ट व उनके बड़े भाई के साथ भी श्री सिद्धबली मंदिर पहुंचे। और उन्होने श्री सिद्धबली मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर लाइव टीवी यूपी उत्तराखंड के संपादक स्वामी नईम सिद्दीकी ने कहा कि सभी धर्मों का हमे सम्मान करना चाहिए। जब बच्चा पैदा होता है तो उसका कोई नाम या धर्म नहीं होता है। बच्चे के जन्म के बाद परिवार के लोग ही उसको नाम देते हैं।

# तेज रफ्तार बनी काल: दो हादसों में दो की मौत, परिवारों में पसरा मातम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिले में बीती रात रात दो अलग-अलग सड़क हादसों ने दो परिवारों से उनके कमाऊ सदस्य छीन लिए। सीबीगंज क्षेत्र में ब्रेड फैक्ट्री में काम करने वाले चालक को ट्रक ने टक्कर मार दी, वहीं फतेहगंज पश्चिमी में दवा लेने निकले युवक को कार ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसों के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव नंदौसी निवासी विक्रम पाल (45) ब्रेड फैक्ट्री से माल लादकर बदायूं ले जा रहा था। जैसे ही वह भमोरा चौराहा पहुंचा, सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। विक्रम दो बच्चों का पिता था और उसकी पत्नी का नाम संगीता है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजते हुए मामला दर्ज कर लिया है। फतेहगंज पश्चिमी के धनेटा बलिया गांव निवासी बबलू (38) शाम अपने दोस्त डॉक्टर से दवा लेने मिजार्पुर जा रहा था। रास्ते में शाही थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह उछलकर दूर जा गिरा और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने कार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# विधायक निधि से स्थापित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया विधान परिषद सदस्य: मुकेश शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** नवल किशोर (एन.के.) रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने विधायक निधि से स्थापित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा, प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी क्रम में सीएचसी पर आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। मैं चिकित्सकों से अपेक्षा करता हूँ कि वे प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक और समर्पित सेवाएं प्रदान करें, जिससे जनता में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा और मजबूत हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने जानकारी दी कि सीएचसी पर पूर्व में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन कुछ समय से खराब थी। इस विषय में जब विधायक को अवगत कराया गया तो उन्होंने तुरंत पहल करते हुए विधायक निधि से नई मशीन की स्थापना सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि यह मशीन विशेष रूप से गर्भवतियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। अल्ट्रासाउंड की मदद से गर्भावस्था की पुष्टि, भ्रूण की स्थिति, विकास, ह्रदय गति, प्लेसेंटा व एम्नियोटिक फ्लूइड की स्थिति आदि की जानकारी मिलती है, जिससे समय रहते उचित चिकित्सीय निर्णय लिए जा सकते हैं। यह तकनीक गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं को रोकने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में सहायक है।

कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. के.डी. मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. वाई.के. सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिप्रा सहित सीएचसी के चिकित्सक, अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना अपराध पर अंकुश लगाने और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगीना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता मुखबिर की सटीक सूचना पर मिली गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फईम पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला कलालान, थाना नगीना जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फईम का आपराधिक इतिहास भी काफी गंभीर रहा है। उस पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आबकारी कानून, जानलेवा हमला और गोवंश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे उप निरीक्षक रामचन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रेमचंद, संदीप तोमर, अंकित और प्रदीप कुमार पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है- संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** बुधवार को विकास खंड सेमरियावां के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में समर कैंप का प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेमरियावा ब्लाक के गाँव दुधारा स्थित एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में दस जून तक चलने वाले समर कैंप का प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समर कैंप से बच्चों को सीखने की एक नई शैली का अनुभव मिलेगा, जिसमें वे खेल-खेल में सीखेंगे, अपनी कल्पनाओं को आकार देंगे और टीम वर्क जैसे सामाजिक गुणों का विकास करेंगे। यह प्रयास शिक्षकों और प्रशासन की ओर से बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। समर कैंप वास्तव में सीखने योग्य क्षणों, शारीरिक गतिविधि और साथियों से शक्तिशाली संदेश का एक अद्वितीय संयोजन प्रदान करते हैं। एक गुणवत्तापूर्ण शिविर अनुभव बच्चों को शक्तिशाली ₹व्यक्तिगत कथाएँ₹ बनाने का मौका दे सकता है जो उन्हें दुनिया की व्याख्या करने में मदद करती हैं। यह बच्चों के लिए एक सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस दौरान स्व परिचय, योग सत्र, मैं हूँ देशज, मैं भी हूँ लेखक, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर आदि कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिये। इस दौरान मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, कमरे आलम सिद्दीकी, मुहम्मद शाहिद, जुबेर अहमद, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# भट्टा मुनीम और मजदूर के बीच हुई मारपीट एक घायल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी ईंट भट्ठे पर मुनीम और मजदूर के बीच मारपीट हो गई आरोप है कि मुनीम ने अपने भाई के साथ मिलकर मजदूर पर सरियों से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी शकील ने बताया कि वह कई वर्षों से थाना क्षेत्र के गांव भारसी के एक ईंट भट्ठे पर भराई का कार्य करता है। आरोप है कि बुधवार को भट्ठे पर कार्यरत मुनीम के साथ पीड़ित की मामूली कहासुनी हो गई थी। भट्टे पर कार्य करने वाले अन्य लोगों ने बीच बचाव करा दिया था। दोपहर के समय वह खाना खाने के लिए ट्यूबवेल के पास बैठा हुआ था आरोप है कि मुनीम ने गांव से अपने एक अन्य भाई को बुलाकर पीड़ित पर सरियों से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया।

शौर-शराबा होने पर भट्टे पर कार्य कर रहे आसपास के लोगों ने पीड़ित को दोनों आरोपियों से छुड़ाया और नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। पीड़ित मजदूर ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद मुनीम व उसके भाई के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# समर कैंप में गर्मी के कारण बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं अभिभावक

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बेसिक के स्कूलों में बुधवार से समर कैंप प्रारंभ हो गया। समर कैंप बुधवार को पहला दिन रहा। तापमान बढ़ने के कारण और गर्मियों की छुट्टियां का बहाना बनाकर माता-पिता अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से कतरा रहे हैं, लेकिन फिर भी स्कूल द्वारा बच्चों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और उन्हे मोटिवेट किया जा रहा है। इसी से उम्मीद की जा रही है गुरुवार से बच्चों की संख्या स्कूलों में और बढ़ेगी। हालांकि समर कैंप के सुगमकर्ता के रूप में सेवाएं दे रहे शिक्षामित्र और अनुदेशक लगातार प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को इसी संबंध जनपद के लगभग सभी में प्राथमिक उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर और उच्च प्राथमिक विद्यालय बारीनगला में प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार और डॉ विनोद शर्मा के कुशल निर्देशन में समर कैंप प्रारंभ हुआ। कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में गौरव गंगवार तथा चरन सिंह ने बच्चों को योगाभ्यास एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पर्यावरण क्लब की गतिविधियां भी करवाई। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय बारीनगला में शिक्षामित्र धर्मेंद्र पटेल और अनुदेशक आशा राणा द्वारा समर कैंप के मौके पर छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार के साथ अन्य गतिविधियां कराई गई।

# ससुराल से लौटा तो लहूलुहान था...घर पहुंचते ही दम तोड़ा, प्रेम प्रसंग के शक में हत्या का आरोप, हंगामा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर हल्दौर में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। बिजनौर के हल्दौर में मोहल्ला खेड़ा निवासी अजय कुमार (27) की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक के परिजनों ने उसकी ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। अजय की शादी आठ वर्ष पूर्व गांव गाजीपुर थाना क्षेत्र की शिवानी के साथ हुई थी। वह पुणे में रहकर मजदूरी करता था और तीन दिन पहले ही अपने घर लौटा था। उसकी पत्नी पिछले कुछ समय से अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। सोमवार को अजय अपनी पत्नी को वापस लाने ससुराल गया, लेकिन वहां विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि महिला का पड़ोस के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते ससुराल वालों ने अजय को पत्नी के साथ भेजने से इनकार कर दिया। मृतक की मां लीलावती का कहना है कि जब अजय ने अपनी पत्नी को साथ ले जाने की बात पर जोर दिया, तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। किसी तरह अजय अपने घर लौटने में कामयाब तो रहा, लेकिन उसके कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। बुधवार को मृतक की मां और परिजन थाने पहुंचे और पत्नी समेत ससुरालियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# एलम इंटर कॉलेज में मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकास खंड क्षेत्र के कस्बा एलम इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। तत्पश्चात रंगोली कार्यक्रम व दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

बुधवार को विकासखंड क्षेत्र के कस्बा एलम इंटर कॉलेज में रानी आहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई, जयंती के अवसर पर मां सरस्वती और रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्रों पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर पवार व प्रधानाचार्य मोहम्मद बाशिद ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान रानी अहिल्याबाई की जयंती पर इंटर कॉलेज प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता वह महिला सशक्तिकरण दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष सुधीर पावर ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके योगदान राष्ट्र के प्रति समर्पण उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने रानी अहिल्याबाई के जीवन परिचय तथा उनके चरित्र को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता डॉ रमेश कुमार शर्मा व राहुल देव ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ व अतिथि गण मौजूद रहे।

# एस.आर.एम. में 1001 वड़ा पाव रेसिपी के साथ नवा वर्ल्ड रिकॉर्ड का उत्कृष्ट प्रयास

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एस आर एम दिल्ली-एनसीआर कैंपस के होटल और कैटरिंग प्रबंधन विभाग द्वारा एक स्वादिष्ट विरासत - वड़ा पाव की 1001 रेसिपी शीर्षक से एक अनूठा और स्वादिष्ट कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यहां एक ऐसा कार्यक्रम हुआ, जिसमें पढ़ाई, रचनात्मकता और इंसानियत का खूबसूरत मेल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा और दीप जलाकर की गई, फिर डॉ. धौम्या भट्ट , डीन आईक्यूएसी ने सभी मेहमानों और छात्रों का दिल से स्वागत किया। डॉ. आर. पी. महापात्रा डीन ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी छात्रों को आगे बढ़ने का हौसला दिया। इसके बाद डॉ. एंटनी अशोक कुमार निदेशक आईएचएम,एसआरएमआईएसटी ने होटल मैनेजमेंट और हॉस्पिटैलिटी की दुनिया में अनुभव से मिली सीखें साझा कीं जो छात्रों के लिए बेहद मददगार रहीं। मुख्य अतिथि राजकुमार एन जो नोवा वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के डायरेक्टर हैं, उन्होंने भी सभी को प्रेरित किया और कार्यक्रम की शुरूआत की। एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर.निदेशक ,डॉ. एस.विश्वनाथन,डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन ,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी,डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आई क्यू ए सी, डॉ. गीता भवानी, डीन रिसर्च के मार्गदर्शन से यह शानदार आयोजन एक बड़ी सफलता है।एसआरएम आई एस टी दिल्ली एनसीआर का यह अभिनव प्रयास भारतीय पाक कला के प्रचार-प्रसार और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। फिर एक खास पल आया जब छात्रों को शेफ की टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया झ इसे रचनाकारों को ताज पहनाना कहा गया। इसके बाद सबने फ्लेवर मार्च में हिस्सा लिया और रसोई की तरफ बढ़े, जहां 1001 वड़ा पाव बनाने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश शुरू हुई। जब यह रिकॉर्ड पूरा हुआ, तो सभी को सर्टिफिकेट देकर उनकी मेहनत को सराहा गया। यतेन्द्र कुमार प्रिंसिपल एचएम ने सबका धन्यवाद किया और इस खास दिन की यादों को और भी सुंदर बना दिया। इस दिन का सबसे दिल छू लेने वाला हिस्सा मानवता की सेवा रहा, जब सभी वड़ा पाव लक्ष पाठशाला नाम के एक एनजीओ और मलिन बस्तियाँ में बच्चों और जरूरतमंदों को बांटे गए। ये सिर्फ खाना नहीं था, बल्कि उसमें प्यार, सेवा और खुशियां भी थीं। यह आयोजन नवा वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतर्गत वड़ा पाव की 1001 रेसिपी प्रस्तुत करने के एक विश्व रिकॉर्ड प्रयास के रूप में किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शेफों ने मिलकर वड़ा पाव की सैकड़ों अनोखी और रचनात्मक रेसिपी प्रस्तुत कीं। इस पहल ने न केवल भारतीय स्ट्रीट फूड को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, बल्कि पाक शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों की प्रतिभा और नवाचार क्षमता को भी मंच प्रदान किया

# माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रयोशताब्दी जयंती पर भव्य जिला गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र स्थित दुल्हन बैंक्विट हॉल में पुण्य श्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रयोशताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर एक गरिमामयी जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान समाज सुधारक, धर्मप्रेमी और न्यायप्रिय शासिका माता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन, कर्तव्यों और प्रेरणादायी कार्यों से जनसामान्य को अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री, राम प्रताप चौहान रहे, जिनका सान्निध्य एवं मार्गदर्शन उपस्थित जनसमुदाय को प्राप्त हुआ। उन्होंने माता अहिल्याबाई के चरित्र, प्रशासनिक दक्षता तथा महिला सशक्तिकरण हेतु उनके योगदान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया । विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा की माता अहिल्याबाई केवल एक यशस्वी शासिका ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की प्रतीक थीं। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिलाओं, युवा कार्यकताओं और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वक्ताओं ने माता अहिल्याबाई के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चेन पाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह पूर्व अध्यक्ष राम आसरे शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निशुल्क मोतियाबिंद आप्रेशन शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )। स्वामी कल्याण देव धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वधान में निशुल्क मोतियाबिंद आप्रेशन शिविर का आयोजन सिखेड़ा रोड मोदीनगर पर किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक डॉ मंजू सिवाच,वरिष्ठ पत्रकार अनिल मित्तल ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल, गरिमामई उपस्थिति रही कैंप को सफल बनाने में नवीन जायसवाल, सुरेंद्र गोयल,हरिओम गुप्ता, सतेन्द्र गौतम की भूमिका रही इस अवसर पर दीपक कर्दम, सोनू आदि उपस्थित रहे मोतियाबिंद आप्रेशन शिविर में 40 मरीजों के ऑपरेशन कराए गए ।

# कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह द्वारा एनसीसी कैडेट को किया संबोधित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन मोदीनगर के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी,123 में आज कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह द्वारा ओपनिंग ऐड्रेस में एनसीसी कैडेट को संबोधित किया गया ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट एनसीसी के उद्देश्य एकता और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए एन सी सी की प्रत्येक गतिविधि में प्रतिभाग करें। तथा एनसीसी कैडेट वर्दी का सम्मान करते हुए सामाजिक सेवा में अपना अमूल्य योगदान दें। एनसीसी की वर्दी समाज में आपको विशेष पहचान दिलाती है आपको इस वर्दी का सम्मान करते हुए राष्ट्र की सेवा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करनी है। और अपने आप को सिविल डिफेंस के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार करना है। एनसीसी ट्रेनिंग के दौरान कैडेट को प्रातः काल योगा कराया गया। तत्पश्चात एनसीसी ऑफिसर्स ने कैडेट को बैंकिंग की संपूर्ण जानकारी दी। जिसके अंतर्गत खाता खोलना, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को सुरक्षित रखना, एटीएम प्रयोग करते समय सावधानियां, बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित आने वाले कॉल से सावधानी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा एनसीसी ऑफिसर्स ने कैडेट को गर्मी से बचाव के उपाय बताएं। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, सूबेदार मेजर परमानंद ,लेफ्टिनेंट नगेंद कुमार ,लेफ्टिनेंट राजीव कुमार जांगिड़, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित चौधरी, एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता, जीसीआई सोनिया, केयर टेकर कोमल, सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर आदि लोग उपस्थित थे।

# पंकज भारतीय किसान मोर्चा और अनमोल लोकतंत्र विकास पार्टी के जिलाध्यक्ष बने



वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद।** क्षेत्र के गांव खालौर निवासी पंकज चौधरी को भारतीय किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है जबकि खालौर के ही अनमोल चौधरी को लोकतंत्र विकास पार्टी के जिलाध्यक्ष का पद मिला है। गांव में ही एक सूक्ष्म कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एस. यादव और राष्ट्रीय सचिव नीरज यादव ने मिलकर दोनों नौजवानों को मनोनय पत्र सौंपे। राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एस. यादव और राष्ट्रीय सचिव नीरज यादव ने दोनों नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को किसानों और समाज के शोषित और वंचितों के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसान और मजदूर को उनका दिलवाना है। साथ ही उन्होंने टीम बनाकर संगठन को और मजबूत करने के लिए भी कहा। इस मौके पर पिंटू चौधरी, दीपांशु चौधरी, आकाश चौधरी, अभिषेक चौधरी, शिवम चौधरी, राजू चौधरी, सचिन चौधरी, मनीष चौधरी आदि मौजूद रहे।

# राहुल कुमार कलछीना अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में हुए शामिल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** हरियाणवी गायक कलाकार राहुल कुमार कलछीना अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ आम आदमी पार्टी को छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए।राहुल कुमार कलछीना ने कहा कि मुझे लगता है कि आम आदमी पार्टी में मेरे विचारों और काम को उचित मंच नहीं मिल पा रहा था, इसलिए मैंने आजाद समाज पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। आजाद समाज पार्टी के सिद्धांत और उद्देश्य मुझे आकर्षित करते हैं और मुझे लगता है कि यह पार्टी समाज के लिए वास्तविक परिवर्तन लाने में सक्षम हो सकती है। राहुल कुमार कलछिना ने अपने सभी समर्थकों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरे साथ आजाद समाज पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम साथ मिलकर समाज के लिए कुछ सार्थक कर पाएंगे और लोगों के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व समस्त शीर्ष नेतृत्व और कार्यकताओं का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मुझे और मेरे समर्थकों का स्वागत किया है। हमें उम्मीद है कि हम साथ मिलकर समाज के उत्थान और विकास के लिए काम करेंगे। पार्टी में शामिल होने वालों में वसीम चौधरी, नसीब, इंतजार चौधरी संदीप कुमार नालगढ़िया गालिब चौहान , आफताब , इस्तकार, सदाकत, विनोद कुमार पुर सभासद डॉ विनोद कुमार श्रीचंद्र गौतम नवाजिश शाहरुख सग्गू , मुकेश सिद्धार्थ देवेंद्र ठेकेदार, नसीमुद्दीन आकाश कर्दम आदि कार्यकर्ता थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी कार्यकताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष बृजेश सेन, शहर कोऑर्डिनेटर योगी जाटव, कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ,वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा,चांद वीर चौधरी, संजय शर्मा ,नंदकिशोर शर्मा ,चौधरी जगपाल सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश गोयल,आरिफ रिजवी ,जमशेद ,रामकिशन शर्मा ,रामकिशन शर्मा एडवोकेट ,पवन कोरी ,भिखारी लाल कश्यप ,श्रीओम शर्मा, हरीश खुल्लर लाड़ा, रियासत सैफी,अमजद इदरीसी, यूनुस खान,शरद जाटव,दानिश अली ,कपिल यादव ,अनस सैफी और सचिन कुमार आदि कार्यकर्ताओं में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उद्घाटन से पहले बिजनौर पहुंचे डीआरएम ने कार्यक्रम का लिया जायजा।



वेलकम इंडिया महमूद रजा

अपनी स्पेशल ट्रेन से शाम को बिजनौर स्टेशन पर पहुंचकर डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह ने 22 मई को होने वाले रेलवे स्टेशन के उद्घाटन से पहले पहुंचकर कार्यों का जायजा लिया व उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए रेलवे प्रशासन उद्घाटन समारोह में भीड़ जुटाने को लेकर उत्साहित हैं। स्टेशन के उद्घाटन को लेकर रेलवे की ओर से ज्यादा से ज्यादा लोगों को न्योता दिया जा रहा रेलवे के अनुसार 22 मई की सुबह 10 बजे से कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। पीएम करीब साढ़े दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अमृत भारत स्टेशनों का आनलाइन उद्घाटन करेंगे।

# मोदी सरकार बिना भेदभाव के सभी को लाभान्वित कर रही है : मोनू त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार हर वर्ग के उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिनका सीधा लाभ देश और प्रदेशवासियों को बिना किसी भेदभाव के साथ मिल रहा है। अपनी इन योजनाओं से मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के अपने नारे के अर्थ को सार्थक कर रही है। उक्त विचार जनपद मेरठ के भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मोनू त्यागी ने यहां सत्य नगर कार्यालय निवासी युवा समाजसेवी दानिश फारूकी के आवास पर अपने क्षणिक प्रवास के दौरान व्यक्त किये। मोनू त्यागी अपने अनेक समर्थकों के साथ बागपत से लौट पटरहे थे। मोनू त्यागी ने आगे कहा कि हमारा भारत एक अखंड देश है। जिसमें सभी धर्म-मजहब जाति के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं। और अनेकता में एकता की मिसाल पेश करते हैं। मोनू त्यागी ने कहा कि यही हमारे देश की खूबसूरती भी है। मोदी और योगी सरकार में हर वर्ग चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, विद्यार्थी हो, ग्रामीण, व्यापारी या फिर उद्यमी हो सभी के उत्थान का कार्य किया है और अभी भी निरंतर कर रही है। इस दौरान दानिश फारूकी व उनके पिता इस्लामुद्दीन फारुकी सहित अनेक लोगों ने जिला महामंत्री मोनू त्यागी का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पंकज रोहिल्ला, वसीम फारुकी, डॉ सलमान फारुकी, फहीम फारुकी, नितेश त्यागी, रोहित कुमार, दानिश मलिक,आसिफ मलिक, सहानूर, शमशाद फारुकी, फैजान फारुकी, आसिफ हमारी, सलमान मलिक, इमरान सैफी, कबीर फारुकी आदि मौजूद थे।

# भारतीय किसान यूनियन प्रधान की एक मीटिंग बीके गार्डन बैंकट हॉल बिजनौर में आयोजित की गई

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बिजनौर भारतीय किसान यूनियन प्रधान की एक मीटिंग बीके गार्डन बैंकट हॉल बिजनौर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता सरदार राजेंद्र सिंह ने की और संचालन जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया मीटिंग का उद्देश्य जनपद में टीम का विस्तार और आने वाले समय में जिला हरिद्वार में चिंतन सिविल लगाए जाने के संबंध में सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।और संगठन को मजबूत करने का कार्य करने के लिए जोर दिया गया भारतीय किसान यूनियन प्रधान परिवार में नए सदस्य और पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देकर व फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी से अधिक से अधिक संख्या में चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान किया आज की मीटिंग में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह संरक्षक भूदेव प्रधान मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार जिला प्रभारी शमशाद हुसैन गुर्जर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशपाल राठी जिला अध्यक्ष परविंदर बालियान युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास मास्टर वेदपाल सिंह एडवोकेट तुषार तेवतिया उत्तम सिंह अल्ताफ अहमद हसीना ज्योति महिला जिला अध्यक्ष रुखसाना कमलेश देवी डॉक्टर सत्तार पार्थ चौधरी अनिल चौहान सुरेंद्र सिंह संजीव दहिया प्रेम सिंह अनीश प्रधान सलमान शिव कुमार विधि प्रकोष्ठ शीला अध्यक्ष राजकुमार नगर अध्यक्ष चांदपुर बाबर अली आदि भारी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# किसान दिवस : जिलाधिकारी ने किसानों की सुनी समस्याएं , निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं व शिकायतें जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। बैठक की शुरूआत में उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र द्वारा गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि पिछली बार प्राप्त कुछ शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, जिससे किसान संतुष्ट दिखे। कुछ लंबित शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे शीघ्र कार्रवाई करते हुए समाधान रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देश दिए कि किसान दिवस में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को विधिवत दर्ज करने के लिए एक पृथक रजिस्टर बनाया जाए, ताकि सभी शिकायतों का ट्रैक रखा जा सके और उनका प्रभावी समाधान किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृषि और उससे संबंधित सभी विभागों के अधिकारी किसान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में यह तय किया गया कि हर किसान दिवस के प्रारंभिक 30 मिनट में दो विभाग अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों को देंगे। आगामी किसान दिवस में सिंचाई और पशुपालन विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई है। योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित विभाग पम्पलेट और लीफलेट का वितरण भी करेंगे, जिससे किसानों को योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में मिल सके। सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए कि वे किसान दिवस से पूर्व सभी संबंधित किसानों को सिंचाई रोस्टर उपलब्ध कराएं। साथ ही, खतौनी में अंश निर्धारण संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए सभी तहसीलदारों को किसान दिवस में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने को कहा गया है। अधिशासी अभियंता, सिंचाई (नहर), गाजियाबाद को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए यह पूछा गया कि किसानों से संपर्क और रिपोर्ट प्रस्तुत करने में देरी क्यों की गई। वहीं, अधिशासी अभियंता विद्युत, मोदीनगर ने जानकारी दी कि अब से विद्युत आपूर्ति सुबह 8:45 बजे से शाम 6:45 बजे तक निर्बाध रूप से की जाएगी।

# महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद के शिष्य पर पुलिस की कार्रवाई का विरोध

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। डासना मंदिर के महंत एवं महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के शिष्य अनिल यादव के खिलाफ वेव सिटी पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ संत समुदाय और उनके अनुयायियों में गहरा रोष है। इसको लेकर बुधवार को यति नरसिंहानंद के अनुयायियों ने पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अनिल यादव कोई आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति नहीं हैं और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों में वह कानूनी रूप से जमानत पर हैं। इसलिए उनके विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोले जाने की प्रक्रिया को अनुचित और पक्षपातपूर्ण बताया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि प्रशासन इसी प्रकार शांतिपूर्ण व्यक्तियों को निशाना बनाता रहेगा, तो इससे समाज में कानून के प्रति आस्था कमजोर होगी। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी रणनीति के तहत किया गया कदम प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य उनके शिष्यों को डराना और बदनाम करना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने यह कार्रवाई वापस नहीं ली, तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। यह मामला अब केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह धार्मिक और सामाजिक स्तर पर एक नए विवाद का संकेत भी दे रहा है।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष के अवसर पर प्रबुद्ध संगोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष 2025 के अंतर्गत पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में बुधवार को प्रबुद्ध संगोष्ठी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम रूद्राक्ष बैंक्विट हॉल, शास्त्री नगर में हुआ, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने महारानी अहिल्याबाई को भारतीय सांस्कृतिक विरासत और सुशासन की जीवंत प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन को सेवा का माध्यम माना और देशभर में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा जनहितकारी कार्य किए। प्रधानमंत्री द्वारा चारों धामों के कॉरिडोर निर्माण का कार्य भी उसी परंपरा की पुनर्स्थापना है जिसकी नींव महारानी ने रखी थी। इस स्मृति वर्ष को उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का अवसर बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई के निर्णय लोककल्याण की भावना से प्रेरित थे और भाजपा इसी से प्रभावित होकर जनसेवा और संगठन विस्तार में कार्यरत है। कैबिनेट मंत्री ने उनकी शासन शैली की विशेषताएं जैसे स्वच्छता, जनभागीदारी और नैतिक प्रशासन को आज के विकास कार्यों में प्रासंगिक बताया।

# भारत माँ के वीर सपूतों को समर्पित वार्ड 9 शौर्य तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। वार्ड संख्या 9 में पार्षद श्रीमती शीतल चौधरी के नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में ह्यशौर्य तिरंगा यात्राह्न का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा में भाजपा कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य को सम्मान देना था। आयोजन स्थल ह्यभारत माता की जयह्न और ह्यभारतीय सेना जिंदाबादह्न के नारों से गूंज उठा, जिससे क्षेत्र में देशभक्ति की भावना चरम पर पहुंच गई।

पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल सैन्य बलों के पराक्रम को समर्पित है, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त होती भारत की एक झलक भी प्रस्तुत करती है। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न जैसे सफल सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज का भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के लिए किसी भी स्तर तक जाने में सक्षम है। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की।

# महिला की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। अंकुर विहार थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक महिला की मौत के मामले में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कमल विहार कॉलोनी निवासी ट्रक चालक रिंकू खान की पत्नी निशा का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका पाया गया। मृतका मैनपुरी की रहने वाली थी। निशा के पिता हसमुद्दीन ने बताया कि शादी के बाद से ही सास-ससुर और अन्य ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर बेटी को बार-बार प्रताड़ित करते थे। तीन संतान होने के बावजूद भी दहेज की मांग जारी थी। पति रिंकू खान ट्रक चालक होने के कारण अधिकतर समय बाहर रहते थे, जिससे ससुराली जन निशा को परेशान करते थे। निशा ने सोमवार रात भाई को फोन कर बताया था कि ससुराल वाले उससे मारपीट कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन अगले दिन जब भाई ससुराल पहुंचा तो निशा का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसीपी अंकुर विहार ने बताया कि पोस्टमार्टम में फंदा लगाकर मौत की पुष्टि हुई है, जो फंदे से लटकने के कारण हुई है। परिजनों ने पति पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं, लेकिन ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच जारी है। मामला अभी भी पुलिस की जांच में है।

# कब्रिस्तान के विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में मारपीट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के डूंडाहेड़ा में स्थित कब्रिस्तान को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। जमीन पर अपना अधिकार जताने को लेकर दोनों पक्षों में सोमवार को जमकर मारपीट हुई, जिसमें लाठी-डंडों और हाथापाई तक का मामला सामने आया। घटना के दौरान पुलिस उप निरीक्षक के साथ भी अभद्रता की गई, जिससे हालात और बिगड़ गए। डूंडाहेड़ा क्षेत्र में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर वहां के मुस्लिम समुदाय के दो गुट टकरा गए हैं। डूंडाहेड़ा के लोग इस कब्रिस्तान को अपने पुश्तैनी अधिकार के तहत अपना बताते हैं, जबकि क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसायटी के लोग इस भूमि पर अपने अधिकार की बात करते हैं और दावा करते हैं कि सोसायटी के निवासी होने के नाते उन्हें कब्रिस्तान का उपयोग करने का पूरा हक है। कुछ दिनों से दोनों पक्षों के बीच यह विवाद तीव्र हो रहा था। सोमवार को दोनों पक्ष नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद में उलझ गए, जो जल्दी ही हिंसक संघर्ष में बदल गया, एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और मारपीट का आरोप लगाया। घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए कई लोगों को मुचलका पाबंद किया। पुलिस जब मामले की जांच करने पहुंची, तब उप निरीक्षक के साथ भी गुस्साए लोगों ने अभद्रता की। स्थानीय लोगों ने पुलिस को कहा कि वे आपसी मतभेद खुद ही सुलझा लेंगे। हालांकि, इस मामले में डूंडाहेड़ा के दारोगा विपिन कुमार की तहरीर पर दोनों पक्षों के करीब 20 से 30 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ दंगा करने, हत्या के प्रयास, आपराधिक बल प्रयोग, शांति भंग और धमकी देने समेत कई आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'किलकारीज् और 'मोबाइल एकेडमीज् कार्यक्रम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली और अभिनव प्रयास है। इसी क्रम में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को एक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मियों को इन सेवाओं के महत्व, कार्यप्रणाली एवं लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अरमान संस्था द्वारा किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी (आर.सी.एच.) मेरठ मंडल, मंडलीय रीजनल मैनेजर (कम्युनिटी प्रोसेस), जिला प्रोग्राम मैनेजर, मंडलीय प्रोग्राम ऑफिसर (किलकारी-मोबाइल एकेडमी) समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। किलकारी सेवा को विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और एक वर्ष तक के बच्चों की माताओं के लिए डिजाइन किया गया है। जैसे ही किसी गर्भवती महिला की जानकारी आरसीएच पोर्टल पर दर्ज होती है, उसी के एलएमपी (अंतिम मासिक धर्म) के अनुसार उसे हर सप्ताह ऑडियो कॉल और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से गर्भावस्था, प्रसव, नवजात देखभाल, स्तनपान, टीकाकरण जैसी व्यवहारिक और उपयोगी जानकारी दी जाती है। यह सेवा 0124451660 नंबर से कॉल करती है, और जब लाभार्थी पूरा संदेश सुनकर 1 दबाते हैं, तो वे किलकारी व्हाट्सएप सेवा से भी जुड़ जाते हैं। इसके माध्यम से उन्हें हर सप्ताह स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उनके मोबाइल पर प्राप्त होती हैं। दूसरी ओर, मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम का उद्देश्य आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना है। यह सेवा टोल फ्री नंबर 14424 पर कॉल के माध्यम से संचालित होती है, जहाँ आशाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

# सीडीओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोदीनगर का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने बुधवार को अचानक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां कई व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, वहीं कुछ अव्यवस्थाओं पर उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत उपस्थिति पंजिका की जांच से हुई, जिसमें अधिकतर चिकित्सक उपस्थित मिले, लेकिन दो वार्ड ब्वॉय अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीडीओ ने उनका वेतन रोकने के निर्देश देते हुए लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तीन अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन एबीडीएम और कंप्यूटरीकृत पंजीकरण प्रणाली को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। दवाओं की उपलब्धता संतोषजनक रही और किसी भी दवा की एक्सपायरी नहीं मिली, जो अस्पताल की तैयारियों को दशार्ता है। आपातकालीन वार्ड में चार मरीज भर्ती पाए गए। वहां मौजूद स्टाफ और दवा व्यवस्था उचित पाई गई। महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत के दौरान कोई शिकायत सामने नहीं आई। लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर में सभी अभिलेखों और उपकरणों की जांच की गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश द्वारा कुछ आवश्यक उपकरणों की मांग रखी गई, जिसे सीडीओ ने संज्ञान में लिया। शौचालयों की सफाई, पेयजल व्यवस्था (वाटर कूलर) और रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को संतोषजनक पाया गया।

डेंटल विभाग में मरीजों का उपचार जारी था,

# बिजली कटौती से लोगों का हाल बेहाल, रात-दिन चैन खोया, विरोध प्रदर्शन भी हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के गांव से लेकर शहर तक बिजली कटौती की समस्या ने आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित कर रखी है। रात की नींद उड़ी हुई है और दिन में भी लगातार बिजली के आवागमन और लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण लोग कई बार सड़कों पर प्रदर्शन करने और बिजलीघर घेरने को मजबूर हो गए हैं। हाल ही में डिफेंस कॉलोनी के निवासियों ने कोयल एंक्लेव के बिजली सब स्टेशन का घेराव कर विरोध जताया। लोगों ने बताया कि रातभर बिजली आती-जाती रहती है, जिससे न केवल उनकी नींद खराब होती है, बल्कि दिनभर भी उन्हें ठोस बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। मंगलवार रात दो से तीन बजे बिजली आई, लेकिन लो वोल्टेज के कारण घरों में उपकरण सही तरीके से काम नहीं कर पा रहे थे। लोगों का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारी समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाल रहे हैं। ट्रांसफार्मरों की क्षमता लोड के मुकाबले कम होने के कारण बार-बार बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या हो रही है।

# आस्था हॉस्पिटल में डॉक्टरों से मारपीट मामले में आईएमए ने सुरक्षा की उठाई मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जहां डॉक्टरों को समाज में धरती का भगवान कहा जाता है, वहीं गाजियाबाद में घटित एक हालिया घटना ने इस विश्वास को झकझोर कर रख दिया है। थाना विजय नगर क्षेत्र स्थित प्रताप विहार इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल आस्था हॉस्पिटल में मरीज के तीमारदारों द्वारा डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ की गई बदसलूकी, मारपीट और तोडफोड़ की घटना ने पूरे चिकित्सा समुदाय में रोष की लहर पैदा कर दी है। यह वारदात उस समय सुर्खियों में आई जब अस्पताल में हुई हंगामे की घटना का सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में कुछ लोग, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, डॉक्टरों और महिला स्टाफ से गाली-गलौज, मारपीट और अभद्र व्यवहार करते हुए देखे जा सकते हैं। उन्होंने अस्पताल में तोडफोड़ भी की, जिससे न केवल स्टाफ भयभीत हो गया, बल्कि वहां मौजूद अन्य मरीज और परिजन भी दहशत में आ गए। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होने से नाराज डॉक्टरों ने बुधवार को को पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग भयमुक्त वातावरण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया, तो वे धरना और आंदोलन जैसे कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि सभी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, और ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने डॉक्टरों को आश्वस्त किया कि ऐसी घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आस्था हॉस्पिटल की घटना की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ने यह भी बताया कि गाजियाबाद पुलिस बीट पुलिसिंग, और शिकायतकताओं को घर पर एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराने जैसी पहलें पहले से ही शुरू कर चुकी है, ताकि आम नागरिकों और संवेदनशील वर्गों को बेहतर सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके।